



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com    कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 201    कोरबा, गुरुवार, दिनांक 24 अप्रैल 2025 डाक 25 अप्रैल 2025    पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा** — अमेरिकन किड्स स्कूल के शिक्षकों ने मेरठ के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की



**देश-विदेश** — बूंद-बूंद को तरसेगा पाकिस्तान वीजा पर भी रोक, भारत के 5 बड़े फैसले




**फीचर पेज** — फल और सब्जियां खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान




## भारत के एक्शन से घबराया पाकिस्तान मिसाइल टेस्ट करने का ऐलान



**नईदिल्ली, 24 अप्रैल [एजेंसी]।** पहलगाम हमले के बाद भारत की तरफ से कड़े एक्शन लेने के बाद पाकिस्तान में खलबली मच गई है। भारत की तरफ से पहलगाम हमले के बाद लिए गए कड़े एक्शन के एक दिन के बाद ही पाकिस्तान ने मिसाइल टेस्ट करने का ऐलान किया है। पाकिस्तान के इस ऐलान के बाद इस परीक्षण पर भारतीय एजेंसियां बारीकी से नजर रख रही है। यह परीक्षण ऐसे समय में हो रहा है समाचार एजेंसी के हवाले से लिखा, पाकिस्तान ने 24-25 अप्रैल को अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर कराची तट पर सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण करने के लिए अधिसूचना जारी की है। संबंधित भारतीय एजेंसियां सभी घटनाक्रमों पर कड़ी नज़र रख रही हैं।

### भारत में पाकिस्तान सरकार का एक्स अकाउंट ब्लॉक

**नई दिल्ली 24 अप्रैल।** पाकिस्तान सरकार का एक्स अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया है, भारत के आईटी मंत्रालय के कहने पर एक्शन हुआ है। इस समय पहलगाम हमले के बाद पूरा देश आक्रोशित है, पाकिस्तान के खिलाफ किसी बड़े हमले की मांग कर रहा है। ऐसे में लगातार अलग-अलग स्तर पर पाकिस्तान को झटका देने के लिए सरकार की तरफ से फैसले लिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब भारत सरकार के कहने पर पाकिस्तान सरकार का एक्स अकाउंट ब्लॉक हो चुका है।

## महबूबा मुफ्ती ने अमित शाह से की बात, कहा-हम दुख की इस घड़ी में राष्ट्र के साथ खड़े



**श्रीनगर 24 अप्रैल।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की। साथ ही उन्होंने शाह से विभिन्न राज्यों में कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों को धमकी देने वालों के खिलाफ तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पहलगाम आतंकी हमले पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करने और शोक संतप्त परिवारों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की। हम दुख की इस घड़ी में राष्ट्र के साथ खड़े हैं।उन्होंने कहा कि साथ ही अमित शाह से विभिन्न राज्यों में कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों को खुलेआम धमकाने वाले कुछ तत्वों के मद्देनजर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। मैंने उनसे आग्रह किया कि जहां भी ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, वहां उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बिना देरी किए हस्तक्षेप करें।

## दुस्साहस का खामियाजा भुगतेगा पाकिस्तान : सीएम साय

**रायपुर, 24 अप्रैल [एजेंसी]।** सीएम विष्णुदेव साय मुंबई का कार्यक्रम रद्द कर रायपुर लौट आए हैं। एयरपोर्ट पर सीएम साय ने पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर कहा, पाकिस्तान ने जो दुस्साहस किया है, उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। कल CCS की बैठक में जो फैसला किया गया है, वो उनके मुंह पर तमाचा है। पाकिस्तान को हमारा देश सबक सिखाकर रहेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुंबई दौरे को लेकर कहा, 2 दिन का मुंबई प्रवास था पर जम्मू कश्मीर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में छत्तीसगढ़ के कारोबारी दिनेश दिवंगत हो गए। आज उनकी अंतिम यात्रा है इसलिए दौरा छोड़कर आ गए।



उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होंगे। उद्योग मंत्री मुंबई में मौजूद है। वे कर्यक्रम खत्म करके लौटेंगे। सीसीएस की बैठक में पाकिस्तान को लेकर लिए गए 5 बड़े फैसलों को लेकर सीएम ने कहा, पिछले समय में भी पाकिस्तान द्वारा अटैक का करार जवाब दिया गया था, फिर भी पाकिस्तान बाज नहीं आया। जो दुःसाहस किया है, उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

## 50 साल से अधिक उम्र के श्रद्धालुओं के लिए नियम लागू, चारधाम यात्रा मार्ग पर बनाए गए स्क्रीनिंग केंद्र



**देहरादून 24 अप्रैल।** चारधाम यात्रा में आने वाले 50 वर्ष से अधिक आयु के सभी श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच अनिवार्य होगी। यात्रा मार्ग पर बनाए गए स्क्रीनिंग केंद्रों में इनकी जांच की जाएगी। विशेष यह कि इन स्क्रीनिंग प्वाइंट पर बहुभाषी स्टाफ तैनात किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं से आसानी से बात करेंगे और उनकी समस्याओं का जानकर प्राथमिक जांच व स्वास्थ्य परामर्श प्रदान करेंगे।

डॉ. आर राजेश कुमार ने सचिवालय में चारधाम यात्रा के संबंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने चारधाम यात्रा मार्ग पर तैनात मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्थायी और अस्थायी चिकित्सा इकाईयों को आवश्यक दवा, चिकित्सकीय उपकरण और प्रशिक्षित मानव संसाधन के साथ पूरी तरह तैयार रखा जाए।

## बीजापुर में 5 हजार से अधिक जवानों ने नक्सलियों को घेरा, मुठभेड़ में 5 नक्सली मारे गए

**बीजापुर।** जिले में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा संयुक्त अभियान शुरू किया है। तेलंगाना की सीमा से लगे उसूर थाना क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में यह ऑपरेशन पिछले 30 घंटे से जारी है। इस ऑपरेशन के तहत सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जवानों ने 5 नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस ने आगे ये भी बताया कि घने जंगलों और पहाड़ियों से घिरा यह इलाका माओवादियों की बटालियन नंबर 1 का बेस माना जाता है। जानकारी के मुताबिक, बीजापुर में 5 हजार से अधिक जवानों को नक्सलियों ने घेर लिया है। सूत्रों के अनुसार, इस दौरान नक्सलियों द्वारा बड़े स्तर पर लगाए गए आईईडी को देखते हुए सुरक्षा बल बेहद सतर्कता से आगे बढ़ रहे हैं। अब तक 100 से अधिक आईईडी मिलने की बात सामने आई है, जिन्हें जवानों को निशाना बनाने के मकसद से बिछाया गया था। फिलहाल इलाके में बारूदी सुरंगों को हटाने का काम जारी है। ऑपरेशन का सेंटर पॉइंट करेगुट्टा पहाड़ है। यह तेलंगाना और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित है। खुफिया जानकारी के अनुसार, इस इलाके में माओवादियों के कई शीर्ष कमांडर और कैडर मौजूद हैं। सुरक्षा बलों ने ड्रोन और सैटेलाइट के जरिए इलाके पर लगातार निगरानी रखी हुई है। इस अभियान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल , डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड , स्पेशल टास्क फोर्स , कोबरा बटालियन और तेलंगाना की ग्रेहाउंड फोर्स शामिल हैं।



### नक्सली पति-पत्नी ने कवर्धा में किया सरेंडर

**कवर्धा 24 अप्रैल।** सुरक्षाबलों की सख्त कार्रवाई और नई और बेहतर पुर्नवास नीति ने बहुत से नक्सली आत्मसमर्पण का रास्ता अख्तियार कर रहे हैं। इसी कड़ी में 5-5 लाख रुपए के इनामी नक्सली रमेश उर्फ आटम गुड्डू और उसकी पत्नी सविता उर्फ लच्छी पोयम ने कबीरधाम पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। 29 वर्षीय रमेश प्लाटून नंबर 01, एमएमसी जोन, जीआरबी डिवीजन कमेटी का सक्रिय सदस्य था, जबकि उसकी पत्नी 21 वर्ष सविता टांडा एरिया कमेटी में कार्यरत थी।

## गौतम गंभीर को आईएसआईएस कश्मीर ने जान से मारने की दी धमकी, भारतीय हेड कोच ने पुलिस में की शिकायत



**नईदिल्ली, 24 अप्रैल [एजेंसी]।** भारतीय टीम के हेड कोच और भाजपा के पूर्व सांसद गौतम गंभीर को आतंकी संगठन आईएसआईएस कश्मीर से जान से मारने की धमकी मिली है। इसके बाद गौतम गंभीर ने पुलिस से संपर्क किया और तुरंत कार्रवाई की मांग की। राजेंद्र नगर पुलिस स्टेशन के एसएचओ और मध्य दिल्ली के डीसीपी के मुताबिक गंभीर ने औपचारिक रूप से एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया। गौतम गंभीर ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से उनके परिवार और करीबी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया। दिल्ली पुलिस खतरे की गंभीरता को देखते हुए इस मामले की जांच करेगी और गौतम व उनके करीबियों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएगी। खबर मिली है कि गौतम गंभीर को 22 अप्रैल को दो धमकी भरे ई-मेल मिले। एक दोपहर और दूसरा शाम को आया। दोनों ही ई-मेल में आई किल यू का संदेश लिखा था। वैसे, यह पहला मौका नहीं है जब गंभीर को इस तरह की धमकी मिली हो। नवंबर 2021 में जब गंभीर सांसद के रूप में कार्य कर रहे थे तब भी उन्हें इस तरह का एक ई-मेल प्राप्त हुआ था। गौतम गंभीर को 22 अप्रैल को दो धमकी भरे ई-मेल मिले। एक दोपहर और दूसरा शाम को आया। दोनों ही ई-मेल में आई किल यू का संदेश लिखा था। वैसे, यह पहला मौका नहीं है जब गंभीर को इस तरह की धमकी मिली हो। नवंबर 2021 में जब गंभीर सांसद के रूप में कार्य कर रहे थे तब भी उन्हें इस तरह का एक ई-मेल प्राप्त हुआ था।

### सीएम साय ने दिनेश मिरानिया के पार्थिव शरीर को दिया कंधा, श्रद्धांजलि दी



*रायपुर। सीएम विष्णुदेव साय ने पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में जान गंवाने वाले रायपुर निवासी दिनेश मिरानिया को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री साय ने स्वर्गीय मिरानिया के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और अंतिम यात्रा में कंधा देकर उन्हें अंतिम विदाई दी। राज्यपाल डेका आज सुबह मिरानिया के घर पहचें और उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया तथा उनकी सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त कर उन्हें ढ़ाढ़स बंधाया। कारोबारी दिनेश मिरानिया का रायपुर में अंतिम संस्कार किया गया। कारोबारी के बेटे शौर्य ने मुखाग्नि दी है। आतंकी हमले को लेकर शहर में आक्रोश है। सड़कों पर पाकिस्तान के झंडे चिपका दिए हैं, आतंकियों की तस्वीरें लगा दी हैं, उसके ऊपर से लोग गुजर रहे हैं, थूक रहे हैं, गाली दे रहे हैं।*

## जयपुर से वाशिंगटन के लिए रवाना हुए अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस, सिटी पैलेस का दौरा रद्द



**जयपुर, 24 अप्रैल [एजेंसी]।** अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार के साथ चार दिवसीय यात्रा के बाद गुरुवार सुबह वाशिंगटन के लिए रवाना हो गए। जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उन्होंने वाशिंगटन के लिए विशेष विमान से उड़ान भरी। सोमवार रात वेंस दिल्ली से जयपुर पहुंचे थे। पहलगाम हमले के बाद जयपुर में सिटी पैलेस का उनका कार्यक्रम रद्द हो गया था। अपनी इस भारत यात्रा के दौरान वेंस ने जयपुर में आमेर किला देखा और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में भारत-अमेरिका संबंधों पर भाषण दिया।

इससे पहले वे आगरा में ताजमहल देखने गए। वेंस परिवार ने सोमवार को दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर के दर्शन किए। साथ ही राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने वैंस और उनके परिवार के लिए डिनर की मेजबानी की। उनका यह दौरा राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक दृष्टिकोण से भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूती देने वाला माना जा रहा है।

## दिल्ली-एनसीआर में फिटजी कोचिंग के खिलाफ बड़ा एक्शन

### 10 ठिकानों पर ईडी की छापामारी जारी

**नईदिल्ली, 24 अप्रैल [एजेंसी]।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बड़ी कार्रवाई की। ईडी की टीम दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम के आठ स्थानों पर छापेमारी कर रही है। जांच एजेंसी ईडी की ओर से की गई यह कार्रवाई एक प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान फिटजी के प्रमोटर्स और मालिकों के खिलाफ की गई है, जिन पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप है। ईडी ने फिटजी के प्रमोटर डीके गोयल सहित कुछ अन्य प्रमुख लोगों के आवासीय परिसरों और कार्यालयों की तलाशी ली। जांच एजेंसी को संदेह है कि इन लोगों ने कोचिंग सेंटर्स से प्राप्त फंड्स को निजी उपयोग या अन्य संस्थाओं में डायवर्ट किया है। इस कार्रवाई की जनवरी 2025 में फिटजी के कई केंद्रों के अचानक बंद हो जाने से जुड़ी हुई है। इसके बाद देश भर में सैकड़ों अभिभावकों ने आरोप लगाया था कि उन्होंने पूरे साल की फीस पहले ही जमा कर दी थी, लेकिन बिना किसी सूचना के सेंटर अचानक बंद कर दिए गए। इससे करीब 12 हजार छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया था।



## लश्कर-ए-तैयबा के 4 सहयोगी गिरफ्तार, पुंछ-अनंतनाग और ऊधमपुर में मुठभेड़ जारी

**श्रीनगर, 24 अप्रैल [एजेंसी]।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद से सेना के जवान अलर्ट मोड पर हैं। सेना के जवान आतंकियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर सर्च अभियान चला रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले में शामिल 5 आतंकियों की पहचान हो गई है, जिसमें 3 पाकिस्तानी और 2 कश्मीरी नागरिक शामिल है। बांडीपोर में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के चार ओवर ग्राउंड वर्कर पकड़े हैं। फिलहाल भारतीय सेना द्वारा जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को भारतीय सेना ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए पुंछ के लसाना वन क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के साथ संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया है। पुलिस और एसओजी के जवान जंगलों और पहाड़ों पर आतंकियों को ढूंढ रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले में शामिल 5 आतंकियों के बारे में जानकारी देने वाले को 20 लाख का इनाम देने का भी एलान किया गया है।



उत्तरी कश्मीर के जिला बांडीपोर में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के चार ओवर ग्राउंड वर्कर पकड़े हैं। इनके पास से भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद बरामद किया गया है। वहीं, जम्मू प्रांत में जिला ऊधमपुर के अंतर्गत बसंतगढ़ इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की सूचना है। आतंकियों ने घेराबंदी तोड़ भागने के लिए जवानों पर फायरिंग की। जवानों ने भी जवाबी फायर किया। दोनों तरफ से करीब 20 मिनट तक गोलियां चलीं। सूत्रों ने बताया कि जिस इलाके में यह मुठभेड़ हुई है, वह इलाका जंगल के साथ सटा हुआ है। वहां एक बाग भी है।








स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से राधिका के जीवन में आई नई रोशनी

## पक्का आवास बनने से परिवार हुआ खुशहाल,मनरेगा से मिला 90 दिन का रोजगार





**कोरबा।** शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए खुशियों के वरदान की तरह साबित हो रही है। जनपद पंचायत करतला के ग्राम पंचायत गिधौरी निवासी राधिका वैष्णव के यहां पक्का आवास बन जाने से परिवार में खुशहाली छा गई है।

संघर्ष के दिनों से सपनों के आशियाने तक का सफर

ग्राम पंचायत गिधौरी की निवासी राधिका वैष्णव, जो अन्य पिछड़ा वर्ग से आती हैं, एक समय कच्चे एवं जर्जर मकान में अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवन व्यतीत कर रही थीं। बरसात के मौसम में टपकती छत और भीगी दीवारों से उनका जीवन हर पल संकट में रहता था। पुराने मकान की कमजोर दीवारें किसी भी समय ढह जाने का खतरा पैदा करती थीं। विषैले जीव-जंतु जैसे सांप और बिच्छुओं का भय उनके परिवार के जीवन का स्थायी हिस्सा बन चुका था। आर्थिक समस्याओं के चलते पक्का मकान बनाना उनके लिए एक असंभव सपना था। किंतु वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत उनका आवास स्वीकृत होने से उनकी जिंदगी में नई रोशनी आई।

**आवास स्वीकृति से जीवन में आया नया सवेरा**

हितग्राही राधिका वैष्णव ने बताया कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत पक्का एवं सुरक्षित आवास प्राप्त हुआ। 29 मार्च 2025 को आवास का निर्माण पूर्ण होने के साथ ही उनके परिवार में अपार हर्ष एवं उत्साह का वातावरण बन गया है। अब वे स्वयं के पक्के घर में सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन यापन कर रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ने न केवल उनके सिर पर सुरक्षित छत प्रदान की, बल्कि उनके आत्मसम्मान एवं सामाजिक स्थिति में भी महत्वपूर्ण सुधार किया है। हितग्राही का कहना है कि पहले हर बरसात डर के साए में बीतती थी, अब अपने पक्के घर में चैन की नींद आती है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने हमें नया जीवन दिया है। अब मेरे बच्चों का भविष्य सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से उनके परिवार को 90 दिन का रोजगार भी मिला जिससे उन्हें आर्थिक बल मिला।

**नवीन संभावनाओं की ओर बढ़ते कदम**

राधिका वैष्णव की सफलता इस बात का प्रमाण है कि सरकार की योजनाएं जब जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से क्रियान्वित होती हैं, तो गरीब एवं वंचित वर्गों के जीवन में भी सकारात्मक एवं स्थायी परिवर्तन संभव है। उनकी यह कहानी आज कई अन्य जरूरतमंद परिवारों को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित कर रही है।

**सरकार के प्रति आभार**

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने राधिका वैष्णव के जीवन में स्थायी सकारात्मक परिवर्तन लाकर एक नया उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश की विष्णुदेव सरकार को धन्यवाद दिया है।

## जेसिरेट विंग एवं जेसीआई कोरबा सेंट्रल द्वारा न्यू एरा प्रोगेसिव स्कूल में फायर एवं इमर्जेंसी रिस्पांस ट्रेनिंग आयोजित हुई

**कोरबा ।** सेंट्रल एवं विंग के संयुक्त तत्वावधान में 22 अप्रैल को न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल, रामपुर में फायर एवं इमरजेंसी रेस्पोंस प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्कूली छात्रों को आगजनी जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में सही प्रतिक्रिया देने हेतु जागरूक एवं सक्षम बनाना था। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का संचालन कोरबा की विशेष प्रशिक्षित अग्नि-शमक दल -टीम द्वारा किया गया।

संस्था के सचिव सीए अंकित अग्रवाल ने बताया कि, कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम निदेशक जेसी हर्ष गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में कोरबा प्रेस क्लब के पूर्व संरक्षक और वरिष्ठ पत्रकार कमलेश यादव उपस्थित रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कोरबा सीए एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं जेसीआई के पूर्व अध्यक्ष जेसी सी.ए. आशीष अग्रवाल उपस्थित रहे; साथ ही विद्यालय के प्राचार्य श्रीनिवास राव मंच पर उपस्थित रहे7 सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजक टीम को शुभकामनाएँ दीं।प्रशिक्षण में टीम ने सबसे पहले विद्यार्थियों को आग लगने के कारणों, बचाव के तरीकों एवं आपातकालीन स्थितियों से निपटने के बुनियादी सिद्धांतो की जानकारी दी। तत्पश्चात, गैस सिलेंडर, अग्निशामक यंत्रों एवं अन्य उपकरणों की सहायता से रियल-टाइम प्रदर्शन (प्रैक्टिकल) देकर आग पर काबू पाने की तकनीक सिखाई गई। कार्यक्रम में लगभग 400 विद्यार्थी एवं 25 शिक्षकगण शामिल हुए और सभी ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत लाभकारी बताया। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज के प्रति अपनी भूमिका को समझने में भी सहायक रहा।

इस दौरान कार्यक्रम के सह-निदेशक मोहित सिंघल, सीए मोरध्वज गर्ग, जेसीआई के अध्यक्ष सीए अभिषेक अग्रवाल, जेसिरेट अध्यक्षा सीए आयुषी अग्रवाल, उपाध्यक्ष आयुष अग्रवाल, प्रियम अग्रवाल, कपिल विश्वकर्मा, हेमंत अग्रवाल, डॉ ज्योति बाला, सोनम अग्रवाल, समृद्धि गुप्ता सहित अन्य जेसी सदस्य उपस्थिति रहे। जेसीआई कोरबा सेंट्रल भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक और शैक्षिक आयोजनों के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जिले में पोषण पखवाड़ा 2025 का हुआ समापन

**कोरबा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज जिले में पोषण पखवड़ा 2025 का समापन समारोह मनाया गया। पोषण पखवाड़ा 2025 मुख्य रूप से 4 थीम पर केन्द्रित रही। जिसमें जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर विशेष ध्यान, पोषण ट्रैकर में उपलब्ध बेनिफिशरी मॉडयूल का व्यापक प्रचार-प्रसार, सी-सेम माडयूल का प्रबंधन व बच्चों में मोटापे के समस्या को रोकने के लिए स्वस्थ्य जीवन शैली के संबंध में जागरूकता शामिल है।

गौरतलब है कि व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन व का आयोजन किया गया।

## विद्यालय के सामने खाली जमीन पर कब्जा कर निर्माण करने के आरोप में तहसीलदार ने निर्माण कार्य पर लगाई रोक

**कोरबा ।** कोरबा जिलान्तर्गत ग्राम पसान के गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने खाली जमीन पर कब्जा कर मकान व दुकान का निर्माण कार्य कराने की शिकायत पर तहसीलदार ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। क्षेत्रवासियों की मानें तो पूर्व में उक्त खाली जमीन को कंटीले तार से घेरा भी गया था। इसके बाद पौधरोपण भी किया था, मगर भू-माफिया की नजर खाली जमीन पर पड़ी और कब्जे की फिराक में मकान व दुकान का निर्माण कार्य करा रहे थे। शिकायत को तहसीलदार ने गंभीरता से लिया और निर्माण कार्य पर स्टे लगा दिया है। पहले भी जमीन पर कब्जे की कोशिश की थी। विद्यालय के सामने खाली जमीन होने से अध्ययनरत छात्र-छात्राएं खेल मैदान के रूप में उपयोग करते आ रहे हैं। 10 साल पहले पसान के इस हाईस्कूल के उन्नयन से अब हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालन से 12 वीं तक कक्षाएं भी लगती है। ग्राम पसान सहित आसपास ग्रामो के छात्र-छात्राएं भी विद्यालय में अध्ययरत हैं।

## डी.ए.व्ही. स्कूल में केजी-1 में आरटीई एवं शासकीय कोटा के रिक्त सीट में दिया जा रहा प्रवेश

### 10 मई 2025 तक जमा कर सकते है आवेदन

**कोरबा ।** जिले में संचालित 05 डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल बडमार, जेंजरा, खरमोरा, सैला, डोगरतराई में के.जी. 1 में शिक्षा के अधिकार के तहत एवं शासकीय कोटा के रिक्त सीट में प्रवेश दिया जा रहा है। इस हेतु आवेदन संबंधित डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों में 10 मई 2025 तक जमा कर सकते हैं। शिक्षा के अधिकार के तहत गरीबी रेखा तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं पात्र होंगे एवं शासन कोटा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, नि:शक्तजन, निर्धन वर्ग, परित्यक्ता, मातृ-पितृ हीन के छात्र/छात्रा आवेदन के पात्र है। शासकीय कोटा एवं शिक्षा के अधिकार के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई शाम 5 बजे तक है। आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी संबंधित डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल से प्राप्त किया जा सकता है।

## लेखापाल के 01 रिक्त संविदा पद पर भर्ती हेतु 30 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत जिला पंचायत संसाधन केन्द्र कोरबा में लेखापाल के स्वीकृत 01 रिक्त पद की पूर्ति किया जाना है। पंचायत संचालनालय अंतर्गत लेखापाल के 01 रिक्त संविदा पद पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2021 एवं पंचायत संचालनालय छ.ग. विकास भवन अटल नगर रायपुर द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान हेतु जारी मार्गदर्शिका में विहित प्रावधान अनुसार निर्धारित सेवा शर्तों, अर्हता एवं योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से लेखापाल के 01 रिक्त संविदा पद हेतु 30 अप्रैल 2025 शाम 5 बजे तक कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा के नाम पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र व्यक्तिगत रूप से अथवा ई-मेल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत दिशा-निर्देश जिले के वेब साइट तथा जिला पंचायत के सूचना पटल से प्राप्त कर सकते हैं।

# 22 करोड़ की स्वीकृति, फिर भी जर्जर है हसदेव नहर

## बड़े हिस्से में जर्जर स्थिति के कारण हादसे का डर



**कोरबा ।** हसदेव दायीं और बायीं तट के जर्जर नहर का मरम्मत काम फंड स्वीकृति के साल भर बाद भी शुरू नहीं हो सका है। 45 किलोमीटर लंबी नहर जगह-जगह से प्लिंथ और साइड स्लैब जर्जर हालत में हैं। बावजूद इसके मरम्मत कार्य में देरी की जा रही है। हालांकि वर्तमान में रबी फसल की सिंचाई के लिए नहर से पानी आपूर्ति की जा रही है।

बताया गया कि दायीं तट नहर की कुल लंबाई 45 किलोमीटर है वहीं बायीं तट नहर की लंबाई 18 किलोमीटर है। नहर जगह-जगह से जर्जर हो चुकी है। स्थिति यह है कि नहर के कुछ क्षेत्र मुख्य मार्ग से होकर गुजरी है। इसकी वजह से कुछ स्थानों पर मुख्य मार्ग पर कटाव की स्थिति बनी हुई है। समय पर मरम्मत कार्य नहीं कराने पर परेशानी बढ़ सकती है। जबकि शासन ने साल भर पहले लगभग 36 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की थी। इसमें दायीं तट नहर के छह से 37 किलोमीटर दूरी तक जर्जर नहर सुधार के लिए 14 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली थी। इसके अलावा बांयी तट नहर के पांच से 18 किलोमीटर दूरी तक का मरम्मत किया जाना है। इसके लिए 22 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई थी। बताया जा रहा है कि नहर का मरम्मत कार्य लगभग छह साल से नहीं किया जा सका है। इसकी वजह से काफी लंबी दूरी तक नहर जर्जर हो चुकी है। इसका असर मुख्य मार्गों पर पड़ रहा है।

इधर तुलसी नगर, राताखार, सर्वमंगला नहर मार्ग में भारी वाहनों के आवागमन जारी है। इसके अलावा संजय नगर नहर मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव व मरम्मत के अभाव में नहर जगह-जगह से ध्वस्त होने के कगार पर है। गौरतलब है कि बीते दो वर्षों में दो बार नहर ढहने की घटना सामने आ चुकी हैं। बीते वर्ष सीतामढ़ी के निकट नहर के ढहने से बस्ती में पानी भर गया था। इसके बाद उमरेली के निकट शाखा नहर के ध्वस्त होने से किसानों के 46 हेक्टेयर फसल खराब हो गई थी। ध्वस्त हो चुके जगहों में अभी भी स्थाई मरम्मत नहीं कराया गया है। इस संबंध में विभागीय अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने बैठक में होने की बात कहते हुए जानकारी देने से बचते रहे।

## बेन्दरकोना में शराबखोरी के खिलाफ उठ खड़ी हुई महिलाएं

**कोरबा।** जिले के आदिवासी बाहुल्य गांव वेदर कोना की महिलाओं ने अपने गांव को शराब मुक्त करने का संकल्प ले लिया है। उनके संकल्प का ही परिणाम है कि गांव में अब शराब पीने और बनाने वालों को आर्थिक व सामाजिक सजा दिए जाने पर सहमति बन गई है

जंगल से घिरे गांव बेंदर कोना के कंवर मोहल्ले में महिलाओं को महुआ शराब के विरुद्ध अभियान चलाते देखा गया। महिलाओं ने शराब बनाने के लिए महुआ पास को खोज कर नष्ट कर दिया। यही नहीं यहां महुआ शराब भी मिली जिसे फेंक कर मिट्टी में मिला दिया गया। महिलाओं ने संकल्प लिया है कि वह अपने गांव में ना तो किसी को शराब पीने देगी और ना ही उसे बनाने की किसी को छूट दी जाएगी गौरतलब है।

# कल से स्कूलों में छुट्टी, शिक्षकों की स्थिति अभी स्पष्ट नही

**कोरबा ।** जिले सहित पूरे राज्य के स्कूलों में 25 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया है। तेज गर्मी को देखते हुए यह फैसला लिया गया। हालांकि शिक्षकों की छुट्टी को लेकर स्थिति साफ नहीं है। शासन के आदेश की अलग-अलग व्याख्या की जा रही है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने छात्रों के लिए छुट्टी की घोषणा का स्वागत किया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा और कोरबा जिलाध्यक्ष मनोज चौबे ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए यह निर्णय लिया। इससे बच्चों को गर्मी से राहत मिलेगी। एसोसिएशन ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि 1 मई से 15 जून तक शिक्षकों को किसी अन्य कार्य या विभागीय ड्यूटी में न लगाया जाए। इससे शिक्षक शैक्षणिक कार्यों के साथ पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारियों को भी निभा सकेंगे।

## हाई कोर्ट ने 45 दिनों के भीतर निर्णय लेने फर्म्स व सोसायटी को निर्देश दिए

**कोरबा।** श्री श्याम मित्र मंडल की नई कार्यकारिणी की चुनाव प्रक्रिया को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता ने चुनाव को गैरकानूनी, मनमाना और पक्षपातपूर्ण बताया था।


इस पर हाई कोर्ट के जज ने रायपुर स्थित फर्म्स व सोसायटी के रजिस्ट्रार को निर्देशित किया है कि उक्त शिकायतों पर 45 दिनों के भीतर निर्णय लें। हाई कोर्ट के जज का यह निर्देश गोपाल कुमार अग्रवाल द्वारा दायर रिट याचिका (सिविल) में पारित हुआ है। इसमें याचिकाकर्ता ने समिति के 1 अक्टूबर 2024 को हुए चुनाव के विरुद्ध चुनौती दी थी।

इसमें आरोप लगाया है कि चुनाव की सूचना व मतदाता सूची नियमानुसार 15 दिन पहले प्रकाशित नहीं की गई, मतदाता सूची चुनाव से केवल कुछ घंटे पहले जारी की गई, पुराने सदस्यों को जानबूझकर सदस्यता से वंचित किया और नए सदस्यों को बिना प्रक्रिया के जोड़ा, चुनाव में वास्तविक मतदान हुआ ही नहीं औरं सर्फ 20-30 सदस्य उपस्थित थे, जबकि कुल संख्या 351 थी सहित अन्य शिकायत की थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता हर्षवर्धन अग्रवाल ने न्यायमूर्ति अमितेन्द्र किशोर प्रसाद की एकलपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान यह निवेदन किया कि इस स्तर पर केवल इतना निर्देश दें कि रजिस्ट्रार लंबित शिकायतों का 29 मई 2024, 8 जुलाई 2024 व 17 अक्टूबर 2024 को दाखिल चुनाव याचिका पर कानून के अनुसार निर्णय करें। कोर्ट ने इस पर सहमति जता स्पष्ट किया कि न्यायालय इस चरण पर विषयवस्तु (मेरिट) में नहीं जाएगा, चूंकि मामला 2024 से लंबित है, अत: रजिस्ट्रार, फर्म्स व सोसायटीज़ रायपुर को निर्देशित किया कि वह सभी पक्षों को सुनकर कानून अनुसार 45 दिनों में निर्णय पारित करें। यह आदेश से उन सदस्यों को राहत मिली है, जिन्होंने निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की मांग की थी।

## झुलसा रही गर्मी-राहत के लिए संसाधनों का ज्यादा उपयोग, 195 मेगावाट हुई खपत

**कोरबा।** भीषण गर्मी की वजह से जिले में बिजली की मांग अचानक से बढ़ गई है। अप्रैल अभी खत्म भी नहीं हुआ है और जिले में बिजली की खपत रिकार्ड 195 मेवागाट पार हो चुकी है। इसकी वजह से माह के शुरूआत में करीब पांच ट्रांसफार्मर फेल हो चुके हैं। इससे विद्युत विभाग की परेशानी बढ़ गई।मौसम दिन-ब-दिन रुख बदल रहा है। सूर्यदेव के तीखे तेवर लोगों के पसीने छुड़ा रही है। इसकी वजह से जिले में पहली बार वित्तीय सत्र के पहले माह यानी अप्रैल में अभी 195 मेगावाट बिजली की खपत हो चुकी है। यह अब तक का सबसे अधिक बिजली खपत है। जबकि अप्रैल को समाप्त होने में अभी सप्ताह भर का और समय है। विभाग की ओर से इस माह बिजली की मांग 210 मेगावाट से पार होने का अनुमान लगाया है। विभाग का दावा है कि उन्होनें इसकी तैयारी कर ली है। बिजली की मांग की वजह जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को बताया जा रहा है। जिले का तापमान 44 डिग्री के करीब पहुंच गया है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए शहरी क्षेत्र में जहां ठंडी हवा के लिए घर-घर में पंखे, कूलर, वातानुकूलित मशीन (एसी) के अलावा ठंडे पेय पदार्थ के लिए फ्रीज और फ्रीजर का उपयोग कर रहे हैं। बिजली की खपत करने में ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी पीछे नहीं है। यहां भी लोग पंखा और कूलर सबसे अधिक उपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों में लगाए गए वाटर कूलर, वर्तमान में शादी समारोह के सीजन में पार्टियों में रंग-बिरंगी झालर लाइटों की उपयोगिता से बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है। इसका असर संबंधित क्षेत्र के ट्रांसफार्मर पर पड़ रहा है।

# पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष बने मनहर



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का प्रांताध्यक्ष चुनाव रायपुर के स्मृति भवन में हुआ। इसमें प्रदेश के सभी जिलों के अध्यक्ष, प्रांतीय पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। सभी की सहमति से डॉ. डीपी मनहर को प्रांताध्यक्ष चुना गया। बैठक की अध्यक्षता उप प्रांताध्यक्ष डीएस राम ने की। मुख्य अतिथि संघ के संरक्षक बालमुकुंद चतुर्वेदी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरगुजा संभाग से आरपी बड़जात्या और जगदलपुर से उप प्रांताध्यक्ष केके द्विवेदी मौजूद रहे। चुनाव के बाद डॉ. मनहर ने कहा कि सभी ने एक बार फिर सेवा का अवसर दिया है। संघ की सेवा श्रद्धा, समर्पण और मनोयोग से करेंगे। शासन से लगातार संपर्क कर पेंशनरों की समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में कोरबा से अध्यक्ष आरके शर्मा, सचिव रामकुमार वर्मा, संगठन सचिव प्यारेलाल चौहान, वरिष्ठ पेंशनर्स गोपाल प्रसाद प्रजापति, एसआर कंवर और पाली तहसील अध्यक्ष बीएल साहू शामिल रहे।

# आई.पी.एस. दीपका में जीवों के संरक्षण हेतु बच्चों ने धरा और धरा के जीवों के संरक्षण का लिया प्रण

**कोरबा।** ग्रहों में श्रेष्ठ धरती जिस पर जीवन का संचार है । जीवन हेतु आवश्यक वातावरण जो केवल धरती पर ही निर्मित होते हैं । जीवन के इस अतुल्य वातावरण के निर्माण में एक ओर वन तो दूसरी ओर जीवों का महत्वपूर्ण योगदान है । जीवों से निर्मित खाद्य श्रृंखला जो पृथ्वी पर संतुलन का कार्य करती है तो वहीं वन एवं पेड़-पौधे इन जीवों को संरक्षण प्रदान करते हैं । यदि इन दोनों की कमी होती है तो इसका सीधा-सीधा असर हमारे जन-जीवन पर पड़ता है । अत: यदि मानव को अपना जीवन सुरक्षित एवं सुचारू रूप से चलाना है तो आवश्यक है कि वन एवं जीवों को संरक्षण प्रदान करें । प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को विश्व धरा दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य है कि धरती के अस्तित्व को बचाना ।

आज मानव के विविध क्रिया कलापों से धरती का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है । कहने को तो हम विकास के क्रम में चल रहे हैं परंतु वास्तविकता यह है कि अपने विकास के लिए हम अपने जीवनपयोगी वातावरण का नाश कर रहे हैं । मानव का अस्तित्व तभी सुरक्षित है जब धरती का अस्तित्व सुरक्षित होगा और धरती तभी सुरक्षित रहेगी जब उस पर पाए जाने वाले वन एवं वन्य जीव सुरक्षित होंगें ।

अत: मानव होने के नाते हमारा प्रथम कर्तव्य इन जीवों एवं वनों की सुरक्षा करना है ना कि अपने स्वार्थ की पूर्ति हेतु उनका दोहन करना ।धरती का बढ़ता तापमान एक बड़े खतरे की पहचान है। पृथ्वी पर मानव की गतिविधियो से निरंतर उसका तापमान बढ़ रहा है। जिससे हमारी सामान्य दिनचर्या का प्रभावित हो रही है। *अर्थ डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के विद्यार्थियों ने पौधे लगाकर ,ड्राइंग बनाकर एवं क्विज कंपटीशन* में हिस्सा लेकर धरती की रक्षा कर प्रण लिया । मॉर्निंग असेंबली में अर्थ डे थीम पर रूबी हाउस के विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुति दी।कक्षा 7 वीं की विद्यार्थी अनाया ने अपने शब्दों से पृथ्वी की पीड़ा को व्यक्त किया।*

विद्यार्थियों ने विश्व धरा दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण की आवश्यकता एवं महत्व को समझाने के लिए अलग-अलग आकर्षक फेस पेंटिंग एवं स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। किसी विद्यार्थी ने पृथ्वी की पीड़ा को अपने चेहरे पर व्यक्त किया तो किसी विद्यार्थी ने वनों के विनाश को दर्शाया कई विद्यार्थियों ने दिन-प्रतिदिन निरंतर हो रहे मूक पशुओं की हत्या को भी फेस पेंटिंग में व्यक्त किया विभिन्न प्रेरणादाई स्लोगन के द्वारा भी विद्यार्थियों ने पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया ।

पृथ्वी बचाओ विषय पर बच्चो को अर्थ डे. के अवसर पर विद्यालय प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने बच्चो को पर्यावरण की रक्षा की जिम्मेदारी देते हुए कहा कि प्राकृतिक पर्यावरण से ही मानव का विकास संभव होता है। और आज मानव की विविध गतिविधियां जैसे पेड़ों की कटाई ,वाहनो की वृध्दि आदि से पर्यावरण में तापमान की वृध्दि हो रही है। जिससे जलवायु मे परिवर्तन होते जा रहा हैं। जलवायु में परिवर्तन से हमारे स्वास्थ्य मे उतार चढ़ाव होता रहता है। गरमी बढ़ने से भु-जल स्तर मे गिरावट आ रही है। जिससे पीने के पानी की समस्या बढ रही है, बारिश कम हो रही है।

प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने संदेश देते हुए कहा कि पृथ्वी की संन्तान पेड-पौधे और मनुष्य की संन्तान हम ,इस तरह पेड-पौधे हमारे भाई बहन हुए। इसलिए हमे अपने भाई बहनो की सुरक्षा करनी चाहिए न कि उन्हे नष्ट करना चाहिए। अपने बचपन के अनुभव बाँटते हुए बताया कि जब हम स्कुल में पढते थे, हमे कहा गया था कि धरती हमारी माता है। मुझे लगता है कि धरती माँ ने तो हमें अपना संतान मान लिया पर हम उन्हें माँ का दरजा नही दे पाये। तभी धरती पर चारो ओर गंन्दगी और प्रदूषण व्याप्त है। क्या कोई अपने माँ के साथ ऐसा व्यवहार करता है? इस अर्थ डे पर लोगो से अपने जड़ों की ओर लौटने, अर्थ फ्रैंडली बनने एवं स्वयं से ऐसा वादा करने का आग्रह किया है कि हम धरती को प्रदूषित जगह बनाने के बजाय उसे एक स्वस्थ वातावरण दें, प्राचार्य महोदय ने बच्चे को एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने की प्रेरणा दी।



## स्टेट हॉकी एल्युमिनियम कप पर रायगढ़ का कब्ज

**कोरबा।** स्टेट हॉकी टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि खिलाड़ियों की प्रतिभा को सामने लाने मंच देने के साथ खेल भावना बढ़ाने का भी यह अवसर रहा। इस तरह यह एक एक प्रेरणादायी आयोजन भी साबित हुआ।

स्टेट हॉकी एल्युमिनियम कप पर रायगढ़ ने कब्जा जमा लिया है। बिलासपुर की टीम उपविजेता रही। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष व निगम में पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में कोरबा में राष्ट्रीय स्तर के आयोजन किए जाएंगे, इससे खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा मिलेगा। विशिष्ट अतिथि जिला ओलंपिक संघ के सचिव सुरेश क्रिस्टोफर, मंडल अध्यक्ष दिलेन्द्र यादव, पार्षद महेंद्र बांधे, रुनिझा, पूर्व पार्षद दीपक यादव व किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने भी संबोधित किया। अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया।

# सिंचाई कर पटाने में किसानों की नहीं है रुचि



**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा जिला कृषि प्रधान जिला है जहां हसदेव बांगो परियोजना के माध्यम से लगभग 80 प्रतिशत भूमि सिंचाई होता है जिसके माध्यम से किसान धान की उपज पैदा कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं किंतु इन किसानों के द्वारा सिंचाई कर पटाने में जरा भी रुचि नहीं है जिसके कारण करोड़ों रुपए शासन का बेकार चला जा रहा है।

ज्ञात हो कि हसदेव नदी पर बांगो बांध बनाया गया है यह बांध बहुद्देशीय है जिसके पानी से जहां अनेक विद्युत संयंत्र संचालित हो रही हैं जिनमें विद्युत उत्पादन हो रहा है तो वही बांगो बांध के पानी से हसदेव बांगो परियोजना का संचालन भी हो रहा है जिसके माध्यम से दाईं तट एवं बाई तट नहर से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस परियोजना के संचालन के बाद से ही किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होते चली आ रही है विशेष कर जांजगीर-चांपा जिला एवं सक्ती सहित कोरबा जिले के किसानों के लिए यह एक जीवन दायिनी है किंतु दुख का विषय यह है कि जिस नहर के पानी से किसान एक एकड़ में 30 से 35 बोरा धान उगाकर उपज ले रहे हैं उन्हीं किसानों द्वारा सिंचाई कर का भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है।

यहां यह बताना आवश्यक है कि रवि फसल के लिए शासन ने 200 प्रति एकड़ तथा खरीफ फसल के लिए 90 रुपए प्रति एकड़ सिंचाई कर तय कर रखी है ताकि किसान आसानी से सिंचाई कर पटा सके। परंतु यह भी महत्वपूर्ण योजना राजनीति का शिकार होने लगी है। क्योंकि इसमें से केवल 20 प्रतिशत किसान ही सिंचाई कर समय पर पटाते हैं और 80 प्रतिशत किसान सिंचाई कर पटाने मे रुचि नहीं लेते हैं।

वोट बैंक की राजनीति में किसान वर्ग सिंचाई कर नहीं पटाते और सरकार सिंचाई कर को भी छूट कर देती है ऐसे में नहरों का मरम्मत कर पाना विभाग के लिए टेढ़ी कार्य है। सिंचाई कर पटाने के लिए जो 20 प्रतिशत किसान राशि जमा करते हैं वे भी अब अन्य किसानों की देखा देखी राशि पटाने मे हिला हवाला कर रहे हैं क्योंकि वे खुद सिंचाई कर पटाने के बाद सिंचाई कर माफ हो जाने सगे ठगे से महसूस करने लगते हैं। इस कारण से इनकी भी अब कम होने लगी है। सरकार को चाहिए कि सिंचाई कर माफ करने की बजाय किसानों को और अधिक सुविधा जमीनी स्तर देनी चाहिए। क्योंकि महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना का महत्व किसानों को भी समझ में आनी चाहिए।



## नव पदस्थ कलेक्टर ने किया पदभार ग्रहण

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के 22 वें कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया एवं जिले में चल रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तंबोली सहित अधिकारियों-कर्मचारियों ने नव पदस्थ कलेक्टर का आत्मीय स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा 2011 बैच के अधिकारी जन्मेजय महोबे इससे पूर्व नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग के पद पर पदस्थ थे।

पदभार ग्रहण के उपरांत कलेक्टोरेट कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्टोरेट कार्यालय के एनआईसी, रिकार्ड रूम, खनिज शाखा, वित्त शाखा, शिकायत शाखा, सांख्यिकी विभाग, अधीक्षक कक्ष, सभाकक्ष, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, स्वान कक्ष, संवाद 24म7 कक्ष सहित अन्य शाखाओं का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री महोबे ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्हे अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक एवं पारदर्शिता के साथ निर्वहन करने कहा।

## जो हनुमान जी की आरती गावै, बसी बैकुंठ परमपद पावै -राजेश्री महन्त



**जांजगीर चांपा।** यदि संसार के समस्त दुखो से आप छुटकारा पाना चाहते हैं तो हनुमान जी की पूजा अर्चना कीजिए। हनुमान जी की सेवा कीजिए इससे आपके जीवन के समस्त कष्टों का समाधान हो जाएगा।

हनुमान चालीसा में लिखा है कि नासै रोग हरै सब पीरा, जपत निरंतर हनुमत बीरा। यह बातें छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने सक्ति के सिद्ध हनुमान मंदिर में आयोजित महा आरती कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के समक्ष अपने आशीर्वचन संदेश में अभिव्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति हनुमान जी की सच्चे हृदय से आराधना करता है, सच्चे भक्ति- भाव से उनकी सेवा करता है, उनके शरण में रहता है। उन्हें बैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है। -जो हनुमान जी की आरती गावै, बसी बैकुंठ परमपद पावै।* इसका कारण भी स्पष्ट है कि श्री हनुमान जी महाराज भगवान राघवेंद्र सरकार के सेवक हैं और भगवान श्री रामचंद्र जी साक्षात हरि के अवतार हैं, बैकुंठाधिपति हैं इसलिए आप सभी अपने जीवन में हनुमान जी की सेवा करें। इस भव्य महाआरती के आयोजन के लिए आप सभी धन्यवाद के पात्र हैं। इसमें उपस्थित होने का सौभाग्य हमें मिला यह भगवान हनुमान जी महाराज की विशेष कृपा है। उल्लेखनीय है कि सिद्ध हनुमान मंदिर सक्ति में प्रत्येक सप्ताह श्री हनुमान जी महाराज की महाआरती की जाती है।

इस सप्ताह यह 101 वीं महाआरती थी जिसमें राजेश्री महन्त मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से पीआईएल से पारिख साहब, ठाकुर गुलजार सिंह, अयोध्या प्रसाद त्रिवेदी, रेखेन्द्र तिवारी, संजय रामचंद्र, भगतराम शर्मा,बोधसाय चंद्रा, त्रियुगीकान्त वैष्णव एवं अमीत तंबोली, पटेल जी, मीडियाप्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

### कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय बैठक 24 अप्रैल को

**जांजगीर-चांपा।** कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में रबी वर्ष 2024-25 की समीक्षा तथा खरीफ वर्ष 2025 के कार्यक्रम का निर्धारण हेतु संभाग स्तरीय बैठक 24 अप्रैल 2025 को प्रात: 10.30 बजे से जिला पंचायत जांजगीर के सभाकक्ष में आयोजित होगी। उक्त बैठक में बिलासपुर संभाग के सर्व कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे।

## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल जाँजगीर में समर कैम्प के तृतीय दिवस विविध गतिविधि आयोजित

**जांजगीर नैला।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में 23 अप्रैल को समर कैम्प के तृतीय दिवस में विविध गतिविधि आयोजित की गई। तृतीय दिवस में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में कपिल राजपूत (तीरंदाज सहायक प्रशिक्षक, राह अकेडमी राजनांदगाव), राकेश शर्मा (वुड आर्टिस्ट) रहें। इनके साथ ही रंगोली एवं स्केच आर्टिस्ट ममता देवांगन (जाँजगीर), नितेश सिंह (स्केटिंग प्रशिक्षक, नागपुर), रिया सिदार (शास्त्रीय कथक नृत्य प्रशिक्षक) उपस्थित रहें। इन प्रशिक्षकों द्वारा समर कैम्प के प्रतिभागी विद्यार्थियों को विविध कलाओं का प्रशिक्षण दिया गया।



समर कैम्प की शुरूआत योग एवं ध्यान से किया गया। सुश्री रिया सिदार एवं प्रीति कहरा द्वारा विद्यार्थियों को कथक नृत्य का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही नितेश सिंह द्वारा स्केटिंग का प्रशिक्षण भी दिया गया। विशेष प्रशिक्षण के रूप में कपिल राजपूत जी द्वारा विद्यार्थियों को तिरंदाजी कला के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साथ विद्यार्थियों को बताया गया की धनुष तीन प्रकार के होते है रिकर्व, कंपाउंड और बेयरबो। रिकर्व बो एकमात्र उपकरण है जिसे ओलंपिक गेम्स में इस्तेमाल किया जाता है। एक रिकर्व आर्चर धनुष की तारों को अपने मुह की ओर खींचता है और लक्ष्य पर निशाना बनता है। श्री कपिल राजपूत द्वारा विद्यार्थियों को निशाना साधना सीखाया गया। तत्पश्चात् वुड आर्टिस्ट श्री राकेश शर्मा द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को काष्ठ्य कला के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए लकडी में आकृति उकेरना सीखाया गया। तीरंदाजी कला तथा काष्ठ्य कला सीखकर विद्यार्थी उत्साहित नज़र आए।

समर कैम्प के तृतीय दिवस में उपरोक्त कलाओं के साथ-साथ समूहवार विद्यार्थियों को आर्ट एण्ड क्रॉफ्ट, संगीत, कैनवा मल्टीमीडिया डिजाइन, बॉल गेम इत्यादि कलाओं का भी प्रशिक्षण संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा दिया गया।

आए हुए अतिथियों का सम्मान संस्था द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं उपहार देकर किया गया। संस्था द्वारा विद्यार्थियों के लिए पेय पदार्थ की व्यवस्था की गई थी। समर कैम्प के चौथे दिन विशेष गतिविधि के रुप में बाल-वाटिका के विद्यार्थियों के लिए संस्था प्रांगण में रैन डान्स एवं कक्षा-तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए पूल पार्टी एवं ट्रेजर हंट की (आनंदम धाम अमरताल) व्यवस्था की गई है। समर कैम्प के तृतीय दिवस के सफल संचालन में संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं, एडमिन स्टॉफ एवं ग्रुप डी स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

## कलेक्टर जनमेजय ने ली कृषि एवं संबंधित विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक

**जांजगीर-चांपा।** नवपदस्थ कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन एवं संबंधित विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी, पारदर्शी एवं व्यापक रूप से हो, ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके।

कलेक्टर ने कहा कि जांजगीर-चांपा जिला कृषि प्रधान जिला है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करें एवं बाजार मांग के अनुसार उत्पादन सुनिश्चित कराएं जिससे किसानों को अधिक लाभ हों। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों को व्यवसायिक फसलों, दलहन-तिलहन, जैविक खेती एवं अन्य लाभकारी फसलों के लिए प्रोत्साहित करें। इसके साथ ही खाद एवं बीज की उपलब्धता की जानकारी ली एवं उसके सुनियोजित वितरण करने आवश्यक निर्देश दिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पशुओं के पंजीयन, उपचार, एवं टीकाकरण की जानकारी ली और निर्देश दिए कि मोबाइल यूनिट के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर पशुपालकों को अधिकतम लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने उद्यानिकी एवं मत्स्य विभागों के अधिकारियों से विभागीय गतिविधियों, उपलब्धियों एवं हितग्राहियों को लाभान्वित करने के प्रयासों की जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी विभागों से कहा कि आपसी समन्वय बनाकर समयबद्ध और प्रभावी ढंग से कार्य करें, ताकि योजनाओं का जमीनी लाभ किसानों और ग्रामीणों तक पहुंचे। इसके के साथ कलेक्टर ने कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में रबी वर्ष 2024-25 की समीक्षा तथा खरीफ वर्ष 2025 के कार्यक्रम का निर्धारण हेतु संभाग स्तरीय बैठक की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा - निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर उप संचालक कृषि, उप संचालक पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य एवं विभाग, सहायक संचालक उद्यानिकी एवं जिला विपणन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### आतंकी हमले पर मुस्लिम समाज ने जताया रोष

**जांजगीर।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 28 निर्दोष पर्यटकों की हत्या की घटना पर जांजगीर के मुस्लिम समाज ने गहरा आक्रोश जताया। समाज के लोगों ने शहीद स्मारक पहुंचकर कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही आतंकवाद की कड़ी निंदा की। उन्होंने ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने और दोषियों को फांसी देने की मांग की। इस मौके पर छत्तीसगढ़ मुस्लिम समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इब्राहिम मेमन, संस्था के रफीक सिद्दीकी, अब्दुल रशीद खान, शब्बीर कुरैशी, हाजी गुलजार साहब, रफिक खान, सदर डॉ. शरीफ कुरैशी, शहबाज खान, अनवर खान, आशु कुरैशी, अहमद रजा मोंटू, गुलाम रसूल, राजू खान, जावेद कुरैशी, राजू कापर, गुड्डा खान, अब्दुल रब, मेहराब खान आदि मौजूद रहे।

### विष्णु मंदिर के द्वार खुलवाने व मूर्ति प्रतिष्ठा के लिए यात्रा कल

**जांजगीर-चाम्पा।** वरुथिनी एकादशी के पावन अवसर पर 25 अप्रैल को सनातन एकता कल्याण यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सनातन एकता कल्याण यात्रा के संस्थापक भागवताचार्य संदीप मिश्रा के सानिध्य में होगी। यात्रा का उद्देश्य जांजगीर के हृदयस्थली ऐतिहासिक स्थल विष्णु मंदिर के द्वार खुलवाना और लक्ष्मीनारायण भगवान की मूर्ति की प्रतिष्ठा कराना है। इसके लिए जांजगीर के नगरवासी छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम जांजगीर-चाम्पा जिले के कलेक्टर को आवेदन देंगे। इस आवेदन में 1100 नगरवासियों के हस्ताक्षर होंगे। यह आवेदन शांतिपूर्ण, धार्मिक यात्रा के माध्यम से दिया जाएगा। इस यात्रा में सभी नगरवासी भाई-बहन सम्मिलित होंगे। वे कलेक्टोरेट चौक से कलेक्टोरेट तक पैदल यात्रा कर ज्ञापन सौंपेंगे। यह यात्रा प्रात: 10.30 से 11 बजे के बीच सम्पन्न होगी। सनातन के श्रद्धालुओं से सनातन एकता कल्याण यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है।

## नि:शक्त बच्ची से अनाचार करने वाले को 20 साल की सजा

**जांजगीर।** नाबालिग गूंगी-बहरी बच्ची से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने दोषी को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार बारा की अदालत ने आरोपी को कुल छह धाराओं में दोषी पाया।



विशेष लोक अभियोजक चंद्रप्रताप सिंह के अनुसार, पीड़िता की मां ने 6 सितंबर 2023 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी बोल और सुन नहीं सकती। 5 सितंबर को परमेश्वर जांगड़े(26) उनकी बेटी का हाथ पकड़ रखा था। उसकी सलवार फटी हुई थी। पूछने पर पीड़िता ने इशारों में बताया कि आरोपी ने 3-4 बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए हैं।

उसके बैग में एक फटा कागज पर आरोपी का लिखा नोट मिला, जिसमें अश्लील बातें और रात में मिलने की बात लिखी थी। परिजन ने आरोपी के घरवालों को समझाया तो उन्होंने झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पीड़िता का मेडिकल कराया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने धारा 164 के तहत उसका बयान दर्ज किया। घटना स्थल का नक्शा और अपराध विवरण तैयार कर चालान कोर्ट में पेश किया गया।

अभियोजन ने तर्क दिया कि आरोपी ने नाबालिग, गूंगी-बहरी बच्ची के साथ घिनौना अपराध किया है। यह गंभीर अपराध है, इसलिए उसे कठोर सजा दी जाए। अदालत ने सभी गवाहों और सबूतों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया। धारा 363 और 366 में 5-5 साल की सजा और 500-500 रुपए जुर्माना, धारा 376(2)(एन) और 376(3) में 20-20 साल की सजा और 500-500 रुपए जुर्माना, धारा 354क में 1 साल की सजा और 500 रुपए जुर्माना तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 में 20 साल की सजा और 500 रुपए जुर्माना लगाया गया। जुर्माना नहीं भरने पर 1 महीने का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।



### हर घर से गौ माता को मिलेगा अन्न-पानी, बांट रहे मुफ्त पात्र

**जांजगीर।** व्यापारी सेवा समिति ने गौ माता के लिए गौ अन्न सेवा योजना शुरू की है। यह योजना केवल दान नहीं, बल्कि समर्पण और संवेदना का प्रतीक है। इसके तहत हर समाजसेवी नागरिक को गौ माता के भोजन में भागीदारी का अवसर मिल रहा है। समिति इच्छुक लोगों को मुफ्त अन्न दान पात्र दे रही है। इससे हर घर से गौ माता को भोजन देने की परंपरा को बढ़ावा मिल रहा है। योजना की शुरुआत समिति ने अपने घरों के बच्चों के हाथों से गौ माता को अन्न खिलाकर की। इससे बच्चों में सेवा और दया के संस्कार विकसित हो रहे हैं। योजना का उद्देश्य है कि हर सेवा भाव रखने वाला व्यक्ति अपने घर से रोज अन्न, फल या सब्जी लेकर गौ माता को अपने हाथों से दे। इससे गौ माता को समय पर भोजन मिलेगा। साथ ही समाज में पशु कल्याण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। व्यापारी सेवा समिति पहले भी पैरा दान अभियान, गर्मी में जल सेवा व भोजन की व्यवस्था और कोटना वितरण जैसे कार्य कर चुकी है। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राम सुन्दर दास महंत ने समिति की निस्वार्थ सेवा की सराहना की है।

## बेकार पानी आने की शिकायत वाले हेंडपंपों का होगा शुद्धिकरण

**जांजगीर।** शहर में कई बार खराब पानी सप्लाई होने के कारण वार्डों में स्वास्थ्य खराब होने की शिकायतें सामने आती हैं। गर्मी के दिनों में यह समस्या ज्यादा होती है। दूषित पानी के कारण स्वास्थ्य खराब होता है। इसे रोकने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग ने नगर पालिका और नगर पंचायत के सीएमओ को पत्र जारी किया है।

जांच में पानी का नमूना यदि दूषित पाया जाता है तो उसमें ब्लीचिंग पाउडर का घोल या लिक्विड सोडियम हाइपरक्लोराइड डालकर उसे जीवाणु रहित किया जाएगा। 7 दिन बाद फिर से उसका परीक्षण किया जाएगा। यदि फिर से जल नमूना दूषित पाया जाता है तो जल नमूना विस्तृत जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जाए तथा जल परीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने तक स्त्रोत को बंद रखा जाएगा। विभाग ने शहर के हैंडपंप और बोर में 15 जून से पहले साफ-सफाई कराने को कहा है। नगर में पानी सप्लाई के लिए लगाई गई पानी टंकी दो बार सफाई कराने और सफाई की तिथि टंकी के कॉलम में लिखने को कहा है। बिछाई गई पाइप लाइन में यदि लीकेज या टूट-फूट होती है तो तत्काल उसका सुधार करने को कहा गया है। खासकर सार्वजनिक नल और हैंडपंपों के आसपास पर्याप्त सफाई करवाने के निर्देश दिए हैं। डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए खाली जगह में जमा पानी, कूलर, पानी की टंकी, बर्तन, फ्रिज के ट्रे, टायर तथा अन्य किसी वस्तुओं में पानी का जमाव रोकने के निर्देश दिए हैं। किट से पानी की जांच करने को कहा बोर और हैंडपंप से निकलने वाले पानी की स्थिति जांच करने के लिए एचसी किट का उपयोग करने को कहा है। किट में पानी का सैंपल लेकर 24 घंटे उसे रखने के बाद यदि पानी काला हो जाए तो उसकी सफाई करवाने को कहा गया है। जल स्त्रोतों (नलकूपों) का नमूना यदि दूषित पाया जाता है तो उसमें ब्लीचिंग पाउडर का घोल या लिक्विड सोडियम हाइपरक्लोराइड डाला जाएगा।



रिकॉर्ड रजिस्टर में हर दिन की जांच दर्ज करेंगे मलिन बस्ती में पानी सप्लाई को लेकर एक रजिस्टर तैयार किया जाएगा, जिसमें पानी का सैंपल लेने का दिनांक एवं समय, सैंपल लेने वाले का नाम और सैंपल में रेसीड्यूवल क्लोरीन की मात्रा तथा कॉलीफार्म बैक्टीरिया की उपस्थिति की जांच का परिणाम अंकित किया जाएगा। पेयजल में रेसीड्यूवल क्लोरीन न मिलने पर अथवा कॉलीफार्म बैक्टीरिया मिलने पर तत्काल लोक

### अवैध शराब के साथ युवक को दबोचा, भेजा गया जेल



**हसौद।** नशा मुक्ति अभियान के तहत हसौद पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की। 22 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम नगारीडीह में एक युवक के पास अवैध शराब है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नगारीडीह निवासी संतोष कुमार भारद्वाज(30) के कब्जे से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। बाद में उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## ज्वेलरी दुकान में घुसे चोर, काफी आभूषण पार

**जरौद-सिनोधा।** ग्राम पंचायत जरौद में रोड में लगी मिडिल स्कूल मेन गेट से कुछ ही दूरी में रंजनी किराना स्टोर में बीते सोमवार की रात अज्ञात चोर ने दुकान के पीछे से दिवाल तोड़कर दुकान में रखे किराना सामान साबुन, निरमा, शक्कर, चायपत्ती, चाकलेट, चिप्स, ठण्डा, कोल्डीग सहित सभी सामान एवं गल्ले में रखे नगदी चोरी कर फरार हो गये। दो नग फ्रिज को छोड़कर सभी सामना ले गये। विदित हो कि यह ठिक सुहेला मेन रोड में सड़क किनारे दुकान है।

इस सड़क पर देर रात तक वाहनों का आवागमन होता रहता है। सड़कें चहल पहल रहती है। 2-3 वर्ष पूर्व भी शिव चौक की मेन रोड पर स्थित नारायण कपड़ा दुकान पर 15 दिनों के अंदर लगातार दो बार शटर तोड़कर लाखो के कपड़े चोरी हुई थी। जिसका बकायदा रिपोट दर्ज कराई गई थी, जिसका आज तक कुछ भी सुराग नहीं मिल पाया है। जिसके चलते चोरो के मनोबल बढ़े हुए हैं। यू तो ग्राम में पिछले कई हप्ते में घर के सामने रखे ट्रैक्टर के बैटरी सहित अन्य पुर्जे की चोरी हो चुकी है।जो कि थाने के चक्कर लगाने के भय से रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते।

## अनमोल वचन......

दृढ़ संकल्प कर लो कि तुम किसी दूसरे को नहीं कोसोने, किसी दूसरे को दोष नहीं दोगे, पर तुम' मनुष्य' बन जाओ, खखड़े होओ और अपने आपको दोष दो, स्वयं की ओर ही ध्यान दो, यही जीवन का पहला पाठ है, यह सत्वी चात है।

## सबसे बड़ा बैंकिंग घोटाला

भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया। चोकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी पर पंजाब नैशनल बैंक से तकरीबन साढ़े तेरह हजार करोड़ रुपयों के गबन का आरोप है।

मोदी अभी लंदन की जेल में है और भारत प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ कानूनी जंग लड़ रहा है। इस घोटाले में उसकी पत्नी एमी और भाई निशाल भी मुख्य अभियुक्त हैं। चोकसी मुंबई की अदालत में हलफनामा दे कर भारत आने में अक्षमता जाहिर कर चुका है। वह कैंसर का मरीज है, जिसका इलाज बेल्जियम में चल रहा है। भारतीय एजेंसियां प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई के साथ मिल कर प्रत्यर्पण का प्रयास कर रही हैं। बैंक ने 2018 में पहली बार मोदी, चोकसी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ 280 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। जांच के बाद यह देश का सबसे बड़ा बैंकिंग घोटाला निकला। इसमें बैंक अधिकारियों की मिलीभगत भी पाई गई। हालांकि मोदीकाल में होने वाले बैंक घोटालों में यह अकेला नहीं है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार 2012-16 के दरम्यान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बाइस हजार करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाया जा चुका है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के 429, आईसीआईसीआई के करीब 455, स्टैंर्डड बैंक के 244 और एचडीएफसी बैंक के 237 के करीब धोखाधड़ी के मामले पकड़े जाने की पुष्टि हुई है। मोदी के इस घोटाले के बाद पीएनबी ने अपने बीस कर्मचारियों को निलंबित भी किया था। बैंकों के इस गोरखधंधे में बैंककर्मियों की मिली-भगत पकड़ी गई है। इसी दरम्यान देश से भाग चुके आर्थिक अपराधी विजय मल्या पर भी बैंकों को साढ़े नौ हजार करोड़ रुपये का चूना लगाने के खिलाफ चार्जशीट फाइल की गई थी। कहने में दोष नहीं है कि प्रत्यर्पण संधि के बावजूद कानूनी प्रक्रिया बेहद जटिल होती है, और आरोपियों को स्वदेश लाने में सालों लग जाते हैं। चोकसी का मामला भी अभी फेडरल पब्लिक जस्टिस और फॉरेन अफेयर्स की निगरानी में होगा। सरकार किस हद तक दोषी को वापस लाने की कवायद करती है, यह तो वक्त ही बताएगा। धोखाधड़ी के इस धन की वसूली और सजा देने में लगने वाले समय की चर्चा अभी बेमानी है क्योंकि सार्वजनिक बैंकों में इतने बड़े आर्थिक घोटालों में सरकार की भूमिका भी संदिग्ध ही पाई जाती रही है। भ्रष्टाचार पर प्रहार करने की बातें करने वाले सत्ताधारी दल को इसे चुनौती की तरह देखना चाहिए।

## राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में फायदा हो सकता है। घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है। आज नए संपर्क बनेंगे। किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से भरपूर ऊर्जा मिलेगी। आपसी बातचीत द्वारा कई परिस्थितियां बेहतर होगी। आज रुका हुआ कार्य संपन्न होगा।

वृष राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आप परिवारवालों के साथ समय बितायेंगें घर में खुशी का महौल बना रहेगा। आज आपका व्यवस्थित और सकारात्मक दृष्टिकोण हर जगह उचित तालमेल बनाकर रखेगा। आज व्यवसाय से संबंधित गतिविधि करते समय अपने कार्य क्षमता पर भरोसा रखें।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपकी निजी समस्या सुलझ सकती है। व्यक्तिगत रिश्ते में चल रही समस्याओं को अपने ऊपर हावी ना होने दें। बच्चों की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना जरूरी है।

कर्क राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। आज आप अपने राजनैतिक अथवा सामाजिक संपर्कों को और अधिक मजबूत करेंगे। आज कोशिश करने पर मनचाहा कार्य पूरा हो सकता है।

सिंह राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपको आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नये कदम उठायेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। आज परिवार के साथ हर्षोल्लास के साथ समय बीतेगा। कार्यकुशलता के दम पर आप वह उपलब्धि हासिल कर लेंगे जिसकी कभी आपने तमन्ना की थी।

कन्या राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रहेंगे। बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। आज दूसरों के मामले में दखलंदाजी ना करें और ना ही बिन मांगे सलाह द । आज बीती हुई नकारात्मक बातों को दिमाग पर हावी न होने दे, क्योंकि इस वजह से सब कुछ ठीक रहते हुए भी आपको कहीं ना कहीं उलझन महसूस होगी।

तुला राशिः आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। आपको अपनी मनपसंद कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलावा आयेगा। आज आप दिन की शुरुआत में ही अपने खास कार्यों की रूपरेखा बना ले । आपकी सकारात्मक सोच आपको निर्णय लेने में सहयोग करेगी। आज आप धार्मिक कार्यों में रूचि लेंगे।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए फैसला करना कठिन होगा। आज किसी समस्या से आपको राहत मिलने वाली है और परिवार के साथ किसी धार्मिक गतिविधि में समय बीतेगा। जिससे सकारात्मक और ऊर्जावान महसूस करेंगे।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए फायदेमंद होने वाला है। आज आपको आय के नए रास्ते सामने नज़र आ सकते हैं। आज ऑफ़िस में किसी सीनियर का सहयोग मिलने से काम में आसानी होगी। विद्यार्थियों को अपने किसी विषय को लेकर की गई मेहनत में सफलता हासिल होगी। आज आपके दाम्पत्य जीवन में मधुरता आयेगी।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। सेहत के मामले में दिन अच्छा है। किसी को अपनी बातों से सहमत करवाना चाह रहे हैं तो सावधान रहें। आज कुछ चुनौतियां सामने आएंगी लेकिन आपकी सूझबूझ से हल भी निकलते जाएंगे। खासकर इस राशि की महिलायें अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से करने में सक्षम रहेंगी। विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों की समस्या हल हो सकती है।

कुंभ राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपकी मेहनत के मुताबिक फल मिलेगा। आज उधार दिया हुआ या फंसा हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आप अपनी योग्यता और प्रतिभा द्वारा विशेष उपलब्धि हासिल करने में सक्षम रहेंगे। पिता या पिता समान किसी व्यक्ति की सलाह और मार्गदर्शन का जरूर अनुसरण करें। आज व्यस्तता के चलते कार्यस्थल पर अधिक समय नहीं दे पाएंगे। परंतु आपके स्टाफ और कर्मचारियों का सहयोग से व्यवस्था उचित बनी रहेगी।

मीन राशिः आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। काम शुरू करने से पहले उस क्षेत्र से जुड़े लोगों की राय जरुर ले लें। आज आपका पिछले काफी समय से रुका हुआ काम हल होने वाला है, जिससे आप राहत महसूस करेंगे। अपना कुछ समय किसी एकांत अथवा आध्यात्मिक स्थल पर भी जरूर व्यतीत करें। विद्यार्थी वर्ग अपना प्रोजेक्ट पूरा होने से गर्व महसूस करेंगे। आज समय अनुसार अपने स्वभाव में बदलाव लाने की जरूरत है।

# देश में एक नया दर्शन स्थापित

//अजीत द्विवेदी//

**कर्ज लेकर घी पीने का एक दर्शन भारत में रहा है। चार्वाक ऋषि को इस दर्शन का प्रणेता माना जाता है। हालांकि यह दर्शन ज्यादा लोकप्रिय नहीं हुआ क्योंकि कर्ज लेकर घी पीने वालों को भारतीय समाज में फ्रॉड माना जाता है। इसलिए यह काम बड़े लोगों खासकर उद्योगपतियों, कारोबारियों, नेताओं आदि के लिए छोड़ दिया गया। मध्यवर्ग अपनी मोरालिटी में इससे दूर रहा तो निचले तबके को इसका मौका ही नहीं मिला। लेकिन अब देश में एक नया दर्शन स्थापित हो रहा है। कर्ज लेकर दाल-रोटी चलाने का। नोटबंदी, जीएसटी और केंद्र सरकार की अन्य आर्थिक नीतियों के साथ साथ कोरोना की महामारी ने भारतीय समाज को इस दर्शन का अनुपालन करने के लिए मजबूर कर दिया है।**

भारत में कर्ज के आंकड़े परेशान करने वाले हैं। एक तरफ अमीरों का कर्ज है, जिसमें से पिछले 10 साल में 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज भारत सरकार ने बट्टेखाते में डाला है तो दूसरी ओर रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के वास्ते लिए गए कर्ज का आंकड़ा है, जिसके बोझ तले देश का मध्य वर्ग दबा हुआ है।

कोरोना महामारी के बाद घरेलू कर्ज यानी रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के वास्ते लिया गया कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है। कई स्तरों पर कर्ज डिफॉल्ट हो रहा है और बैंकों का पैसा डूब रहा है। रिजर्व बैंक के पिछले साल यानी 2024 में क्रेडिट कार्ड सेगमेंट में डिफॉल्ट राशि 28.42 फीसदी बढ़ कर 6.742 करोड़ रुपए हो गई है। पिछले साल जून तक गोल्ड लोन का डिफॉल्ट 6,696 करोड़ रुपए हो गया था। क्रेडिट कार्ड और गोल्ड लोग दोनों का कर्ज छोटी छोटी घरेलू जरुरतों को पूरा करने के लिए लिया गया है। जून 2021 में जब कोरोना महामारी की दूसरी लहर समाप्त हुई उस समय घरेलू कर्ज भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 36.5 फीसदी था, जो जून 2024 में बढ़ कर जीडीपी के 42.9 फीसदी तक पहुंच गया। अगर 2015 से 2019 की चार साल की अवधि को देखें तो घरेलू कर्ज का औसत जीडीपी के 33 फीसदी के आसपास था। यानी 2019 के बाद से इसमें 10 परसेंटेज प्वाइंट की बढ़त हुई है। अगर भारत की जीडीपी चार सौ लाख करोड़ रुपए है तो इसका मतलब है कि चार साल में घरेलू कर्ज में 40 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हो गई है।

घरेलू कर्ज के आंकड़ों की थोड़ी और बारीकी में जाते हैं तो पता चलता है कि मार्च 2021 से मार्च 2024 की तीन साल की अवधि में बैंकों से लिए जाने वाले पर्सनल लोन में 75 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस अवधि में नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनीज और हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के कर्ज में 70 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसी अवधि में मिनी माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्ज में 67 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसकी तुलना में इसी अवधि में घरेलू आय में 43 फीसदी और उपभोग में 49 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यानी आय व उपभोग के अनुपात में कर्ज ज्यादा बढ़ा है। अर्थशास्त्र के जानकारों का कहना है कि अगर कर्ज बढ़ने का ट्रेंड 2015 से 2019 वाला रहता और उसके बाद चार साल में जितनी तेजी से बढ़ा है वैसे नहीं बढ़ता तो उपभोक्ता खर्च में जीडीपी के दो फीसदी के बराबर कमी आती। इसका बहुत बड़ा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता।

सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि ज्यादातर कर्ज घरेलू और रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के लिए लिया जा रहा है। निवेश करने या कारोबार बढ़ाने के लिए इस अनुपात में कर्ज नहीं लिया जा रहा है। दूसरी खास बात यह है कि पांच लाख रुपए सालाना से कम आय वाले लोग अपनी जरुरतों को पूरा करने के लिए ज्यादा कर्ज ले रहे हैं। यही कारण है कि अनसिक्योर लोन की मात्रा सबसे ज्यादा बढ़ रही है। अगर बैंकों से लिए जाने वाले घरेलू कर्ज में क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के कर्ज को जोड़ दें तो मार्च 2021 से मार्च 2024 की अवधि में कर्ज बड़ने का आंकड़ा 82 फीसदी पहुंच जाता है। इन तीनों मामलों यानी घरेलू कर्ज, क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स का गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं का कर्ज इसी अवधि में 130 फीसदी की दर से बढ़ा है। तभी माना जा रहा है कि पांच लाख से कम आय वाला घर चलाने के लिए कर्ज ले रहा है और उससे ज्यादा मध्य आय वाला वर्ग घर और कार आदि के लिए कर्ज ले रहा है। चिंता की दूसरी बात यह है कि पहले से चल रहे कर्ज के बाद भी परिवार कर्ज ले रहे हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक निजी कर्ज लेने वाले पांच से में तीन लोगों के ऊपर एक साथ तीन लोन की किस्तें चल रही हैं। माइक्रो फाइनेंस की बात करें तो छह फीसदी ऐसे हैं, जिन पर चार या उससे ज्यादा कर्ज चल रहे हैं। इसका मतलब है कि घरेलू आय का बड़ा हिस्सा कर्ज की किस्तें भरने में जा रहा है और अगर आय में बहुत जल्दी व तेजी से बढ़ोतरी नहीं होती है तो बैंकों के कर्ज एनपीए में बदलेंगे या आम लोगों पर कर्ज चुकाने का बहुत बड़ा दबाव बनेगा। उनकी कमाई का ज्यादा हिस्सा कर्ज चुकाने में जाएगा।

तभी रिजर्व बैंक ने कर्ज की शर्तें सख्त करने और जोखिम का आकलन करने का निर्देश दिया। इससे कर्ज देने की रफ्तार में थोड़ी कमी आई लेकिन इसका असर उपभोग पर पड़ा और विकास दर गिर गई। सो, यह अलग जोखिम है। इस बीच रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कमी शुरू कर दी है। दो कटौती हो गई है। इससे कर्ज और उपभोग दोनों बढ़ेंगे। पर मुश्किल यह है कि अगर कमाई नहीं बढ़ी तो कर्ज कहां से चुकता होगा। फिर तो बैंकिंग सेक्टर का भी भट्ठा बैठेगा। ध्यान रहे बैंकों के कर्ज में निजी और घरेलू कर्ज का हिस्सा एक तिहाई है और एनबीएफसी व एचबीएफसी के कर्ज में आधा है।

ऐसा नहीं है कि उपभोग के लिए सिर्फ निजी कर्ज या क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर उत्पादों के लिए बैंकों या एनबीएफसी से कर्ज लिए जा रहे हैं, गोल्ड लोन यानी सोना गिरवी रख कर कर्ज लेने का ट्रेंड भी तेजी से बढ़ा है। इसका भी ज्यादातर हिस्सा घरेलू जरुरतों को पूरा करने से जुड़ा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक फरवरी 2025 में गोल्ड लोन में 87.4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यह बढ़ कर 1.91 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है। 2019 से 2024 के बीच सोना गिरवी रख कर कर्ज लेने वाली महिलाओं की संख्या में 22 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसी बीच गोल्ड लोन डिफॉल्ट में 30 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक मार्च 2024 में गोल्ड लोन बकाया 1,02,562 करोड़ था, जो अक्टूबर 2024 तक बढ़ कर 1,54,282 करोड़ हो गया और फरवरी 2025 में बढ़ कर 1.91 लाख करोड़ हो गया।गोल्ड लोन के बाद कर्ज का तीसरा सेगमेंट है सूदखोर महाजनों का जिनके चंगुल में देश की गरीब आबादी का बड़ा हिस्सा फंसा हुआ है। ऐसे नागरिक, जिनकी नियमित आय का कोई साधन नहीं है, जिनको कोई भी बैंक, एनबीएफसी या एचबीएफसी कर्ज नहीं देता है और जिनके पास सोना नहीं है, जिसे गिरवी रख कर कर्ज लें वे अपने गांव, कस्बे या शहर के महाजन पर निर्भर हैं। गांवों और छोटे शहरों से लेकर महानगरों तक ऐसे कर्ज देने वाले महाजन हैं, जिनके ब्याज की दरें बहुत ऊंची होती हैं। इनके जाल में फंसने वालों का निकलना मुश्किल होता है।

सो, कर्ज लेकर दाल-रोटी चलाने वालों की तादाद तेजी से बढ़ रही है और दूसरी ओर देश की 10 फीसदी मध्य वर्ग, उच्च मध्य वर्ग और संपन्न लोगों की आबादी है, जिनकी वजह से देश भर के मॉल्स की चमक दमक बनी हुई है। यह 10 फीसदी आबादी, जो 14 करोड़ बनती है वही कारें खरीद रहा है, घर खरीद रहा है, आई फोन्स खरीद रहा है और मॉल्स व रेस्तरां में जा रहा है। उन्हीं को दिखा कर देश के भोले लोगों को बहलाया जा रहा है कि देखो कहां है गरीबी! बताया जाता है कि इतने आई फोन बिक गए, इतनी कारें बिक गईं या मॉल्स में इतनी भीड़ है और किसी महंगे रेस्तरां में बिना पहले से बुकिंग के जगह नहीं मिलती है, लेकिन यह धोखा देने और हकीकत को छिपाने वाली तस्वीर है। यह देश की 10 फीसदी आबादी की सचाई है। बाकी 90 फीसदी आबादी की सचाई यह है कि वो कर्ज लेकर दाल-रोटी चला रही है।

# पहलगाम में जब लोगों का धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी गयी तो इसे आतंकी घटना कहेंगे या जिहादी हमला ?

//नीरज कुमार दुबे//

**जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता उनसे यह भी पूछा जाना चाहिए कि आतंकवादियों के नाम एक खास धर्म से संबंधित क्यों होते हैं। जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता उनसे पूछा जाना चाहिए कि पहलगाम में मासूम पर्यटकों को उनका धर्म पूछने के बाद क्यों मारा गया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हंसते खेलते माहौल में एकाएक मातम छा जाने से हर भारतीय का दिल भर आया है। 28 पर्यटकों के मारे जाने की घटना बड़ी दुखद है लेकिन यह देखना भी दुखद है कि इस हमले की कुछ लोग सही से निंदा भी नहीं कर पा रहे हैं।**



जिस घटना में लोगों का धर्म पूछ पूछ कर मारा गया हो उसे आतंकवादी घटना कहा जा रहा है जबकि यह सीधा सीधा जिहाद का मामला लगता है क्योंकि पर्यटकों का धर्म पूछ कर उन्हें गोली मारी गयी। यही नहीं, हर मोर्चे पर विफल संयुक्त राष्ट्र को देखिये उसके महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने पहलगाम के घटनाक्रम को ''सशस्त्र हमला बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। सवाल यह है कि क्या संयुक्त राष्ट्र को नहीं पता कि सशस्त्र हमले और आतंकवादी या जिहादी हमले में क्या फर्क होता है।

इसके अलावा, जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता उनसे यह भी पूछा जाना चाहिए कि आतंकवादियों के नाम एक खास धर्म से संबंधित क्यों होते हैं। जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता उनसे पूछा जाना चाहिए कि पहलगाम में मासूम पर्यटकों को उनका धर्म पूछने के बाद क्यों मारा गया। क्यों उनसे कलमा पढ़ने को कहा गया और कलमा नहीं पढ़ पाने पर उन्हें गोली मार दी गयी? सवाल उठता है कि क्यों किसी पर्यटक की पैंट उतार कर यह जांचा गया कि उसका खतना हुआ है या नहीं। क्यों खतना नहीं पाये जाने पर उसे गोली मार दी गयी।

देखा जाये तो आतंकवाद का कोई धर्म होता हो या नहीं लेकिन अपने आसपास के घटनाक्रमों पर ही गौर कर लें तो साफ प्रतीत होता है कि आतंकवाद से सर्वाधिक पीड़ित धर्म हिंदू है। भारत में बहुसंख्यक होने के बावजूद हिंदुओं को गोली मार दी जाती है। अपने घर से पलायन करने पर उन्हें मजबूर कर दिया जाता है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं की तो बात ही छोड़ दीजिये वहां तो अब उनके अस्तित्व पर ही संकट मंडराने लगा है। बहरहाल, पहलगाम मामले में एनआईए ने जांच का काम संभाल लिया है। लेकिन जरूरी है कि इस समूचे घटनाक्रम के पीछे मौजूद उद्देश्य को समझ कर सही कार्रवाई की जाये।

हमारी एजेंसियों को यह ध्यान रखना चाहिए कि आतंकवादी धर्म के आधार पर लोगों को मार कर गये हैं। हमारी एजेंसियों को इस बात का संज्ञान लेना चाहिए कि पीड़ित परिवारों ने बताया है कि आतंकवादियों ने उन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन करने का आरोप लगाया है। देखा जाये तो यह सीधे सीधे भारत की चुनी हुई सरकार को चुनौती देने का मामला बनता है।

## केशवानंद भारती विरुद्ध केरल सरकार 1973 और वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक

केशवानंद भारती विरुद्ध केरल सरकार 1973 मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि संसद को कोई भी कानून बनाने से पहले यह कर लेना चाहिए कि वह संविधान में प्रदत मौलिक अधिकार का हनन तो नहीं कर रही है यद्यपि संसद बहुमत से कोई कानून बना सकती है या उसमें आंशिक तौर या पूर्ण परिवर्तन कर सकती है लेकिन अगर यह विषय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचार के लिए लाया जाएगा और मामला यह सिद्ध होगा कि किसी धर्म या व्यक्ति या व्यक्तियों के मौलिक अधिकार का हनन होता है तो उस राष्ट्रपति के आदेश की विवेचना का अधिकार सर्वोच्च न्यायालय को भारत का संविधान अनुच्छेद 51 में देता है और सर्वोच्च न्यायालय उस कानून का समाप्त कर सकता है। यह खतरनाक हथियार अनुच्छेद 141के तहत भारत संघ में है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने भी इसे 143 धारा को न्यायपालिका और व्यवस्थापिका में घमासान का कारक बताया है और कहा है कि जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिले जले नोटो के संबंध में प्राथमिकी दर्ज नहीं करने का क्या कारण है। वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक एकीकृत वक्फ प्रबन्धन शसक्तीकरण दक्षता विकास बिल या कानूनों के दो प्रावधानों को लेकर भारत की न्यायपालिका और व्यवस्थापिका में ठन गई है और मोर्चा संभाला है चीफ़ जस्टिस खन्ना और उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने। कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी ने अनुच्छेद 26 का हवाला देते हुए कहा है कि वक्फ माने किसी मुसलमान द्वारा अल्लाह के नाम पर सार्वजनिक रूप दी गई संपत्ति वक्फ कहलाती है

## तस्वीरों की दुनिया



अमेरिकन किड्स स्कूल के शिक्षकों ने मेरठ के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



पहलगाम, अनंतनाग में आतंकी हमले के बाद सुरक्षा कड़ी कर दी गई।



शहीद भारतीय नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, नई दिल्ली पर अपने पति, जो पहलगाम आतंकवादी हमले में अपनी जान गंवा बैठे थे, को श्रद्धांजलि देते समय रो पड़ीं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ नई दिल्ली में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।



यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल करने वाली टॉपर शक्ति दुबे का प्रयागराज रेलवे स्टेशन पहुंचने पर स्थानीय निवासियों द्वारा स्वागत किया गया।



संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, द्वितीय महिला उषा वेंस और अपने बच्चों के साथ आगरा में ताजमहल का दौरा करते हुए।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अनंतनाग के पहलगाम स्थित एक अस्पताल में पहलगाम आतंकी हमले के घायलों से मुलाकात की।

# बूंद-बूंद को तरसेगा पाकिस्तान, वीजा पर भी रोक, भारत के 5 बड़े फैसले

नईदिल्ली, 24 अप्रैल [एजेंसी]।

पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर आतंकवादियों के कायराना हमले के बाद भारत ने बुधवार को पांच बड़े फैसले किये जिसे सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान के खिलाफ अभी तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा सकती है। बुधवार शाम पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई जिसमें भारत ने पाकिस्तान के साथ वर्ष 1960 में किये गये सिंधु जल समझौते को रोकने का फैसला किया। पाकिस्तान जब तक सीमा पार आतंकवाद पर ठोस कार्रवाई नहीं करेगा, तब तक यह समझौता रुका रहेगा। इस फैसले की अहमियत इस बात से समझी जा सकती है कि पूर्व में दोनों देशों के बीच युद्ध की स्थिति में भी भारत ने सिंधु जल समझौते को रद्द नहीं किया था। इस समझौत के तहत दोनों देशों के बीच साझा छह नदियों के जल के बंटवारे का प्रबंधन है। समझौता का रद होना पहले से ही खस्ताहाल पाकिस्तान की इकोनमी को और बदहाल कर सकता है। सीसीएस के फैसलों के बारे में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने जानकारी दी।सीसीएस का दूसरा अहम फैसला है पंजाब प्रांत की सीमा पर स्थित अटारी चेक पोस्ट को तत्काल प्रभाव से बंद करना। जिन पाकिस्तानी नागरिकों ने अटारी सीमा से भारत में प्रवेश किया है उन्हें एक मई, 2025 तक लौट जाने को कहा गया है। तीसरा, फैसला यह है कि पाकिस्तान के ऐसे नागरिक जिन्हें सार्क वीजा एक्जेंपशन स्कीम (एसवीईएस) के तहत भारत आने की छूट खत्म कर दी गई है। पूर्व में इसके तहत जिन पाकिस्तानी नागरिकों को यह वीजा दिया गया है उसे रद्द कर दिया गया है।वर्ष 1992 से यह स्कीम लागू थी जिसके तहत




पाकिस्तान के विशिष्ठ नागरिकों (पत्रकारों, उद्योगपतियों, कलाकारों, राजनेताओं आदि) को विशेष सुविधा के तहत भारत आने की छूट होती है। भारत ने कहा है कि अगर कोई पाकिस्तान नागरिक उक्त वीजा स्कीम के तहत भारत में है तो उसे 48 घंटे के तहत भारत छोड़ना होगा।सीसीएस का चौथा फैसला यह है कि भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग में सैन्य, नौ सेना और वायु सेना सलाहकारों को अवांछित (पर्सन नान ग्राटा) घोषित कर दिया है। इन सलाहकारों को एक हफ्ते के भीतर भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है।साथ ही भारत ने इस्लामाबाद स्थित अपने दूतावास से भी इन पदों पर तैनात अधिकारियों को वापस बुला लिया है। दोनों उच्चायोगों से पाच सहायक कर्मचारियों को भी बुलाने का फैसला किया गया है।सीएस का पांचवां व अंतिम फैसला यह है कि पाकिस्तान उच्चायोग के कर्मचारियों की संख्या 55 से घटा कर 30 कर दिया गया है। भारत ने एक तरह से पाकिस्तान के राजकीय स्तर को और घटा दिया है। वर्ष 2019 में जब भारत ने कश्मीर से धारा 370 समाप्त किया था, उसके बाद पाकिस्तान ने अपने उच्चायोग को वापस बुला लिया था। भारत ने भी ऐसा ही किया था।

तकरीबन ढ़ाई घंटे चली सीसीएस की बैठक के बारे में विदेश सचिव मिसरी ने यह बताया कि, ÷सीसीएस ने पूरी स्थिति की समीक्षा की और सभी सैन्य बलों को उच्चस्तरीय सतर्कता बरतने का आदेश दिया। यह संकल्प लिया गया कि पहलगाम हमले के दोषियों को दंडित किया जाएगा और उनके आकाओं को भी दोषी ठहराया जाएगा। हाल ही में जैसे भारत ने तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण किया है वैसे ही भारत इन आतंकी वारदातों को अंजाम देने वालों के खिलाफ कार्रवाई में भारत कोई कसर नहीं छोड़ेगा। मिसरी ने यह संकेत दिया कि पहलगाम हमले के बाद जिस तरह से भारत को वैश्विक समर्थन मिला है और इस घटना की निंदा हुई है, उससे पाकिस्तान के खिलाफ बेहद सख्त कदम उठाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि. ÷कई सरकारों ने हमें काफी मजबूत समर्थन दिया है और सभी ने इस घटना की निंदा की है। हम इन समर्थन की प्रशंसा करते हैं और यह बताता है कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलेरेंस की नीति होनी चाहिए। बैठक में पीएम मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजीत डोभाल, पीएम के विशेष सचिव डॉ. शक्तिकांत दास, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका और रा प्रमुख रवि सिन्हा उपस्थित थे। पीएम मोदी बुधवार सुबह ही सऊदी अरब की यात्रा से लौटे हैं। दिन भर उन्होंने पहलगाम हमले से जुड़े तथ्यों पर अलग-अलग बैठकें की।

# कश्मीर में हड़ताल, पाकिस्तान के झंडे जले... पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ एकजुट हुए देशवासी

**नई दिल्ली।** पहलगाम के बैसरन में आतंकियों द्वारा किए नरसंहार के विरुद्ध देश भर में गुस्सा देखने को मिला। बुधवार को हमले के विरोध में पूरा जम्मू-कश्मीर बंद रहा। इसके अलावा देश भर में जगह जगह विरोध प्रदर्शनों के साथ मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई कैंडिल मार्च भी निकाले गए। खास बात यह है कि कश्मीर में 35 वर्षों में पहली बार पाकिस्तान प्रायोजित आतंक के खिलाफ पूर्ण बंद और आक्रोश दिखा है। कश्मीर में कुछ समय पहले तक आतंकियों के समर्थन में हड़ताल हो जाया करती थी, लेकिन आज आतंक के खिलाफ जम्मू से लेकर पूरी कश्मीर घाटी में सब एकजुट दिखे। लोगों ने वहां पाकिस्तान के झंडे जलाए सभी राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने भी बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया।राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, बंगाल, छत्तीसगढ़ में भी नरसंहार में मरने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही गुनहगारों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। जम्मू-कश्मीर में दुकानें, स्कूल, उद्योग सब बंद रहा जम्मू-कश्मीर में इस हमले के विरोध में अलगावादी हुर्रियत कान्फ्रेंस के चेयरमैन मीरवाइज उमर फारूक ने खुद बंद की अपील की। हमले के विरोध में जम्मू संभाग ही नहीं, कश्मीर में शैक्षणिक संस्थान भी बंद रहे। दुकानें भी नहीं खोली गईं।हाई कोर्ट समेत प्रदेश के सभी अदालतों में वकीलों ने कामकाज ठप रहा। सार्वजनिक और व्यावसायिक वाहन भी नहीं चले। राज्य के विभिन्न औद्योगिक व पर्यटन से जुड़े संगठनों ने पाकिस्तान के खिलाफ अलग-अलग विरोध मार्च निकाले। राष्ट्रीय बजरंग दल समेत अन्य हिंदू संगठनों ने सड़कों पर टायर और पाकिस्तान के झंडे जलाए तथा नारेबाजी की।

पहलगाम नरसंहार के मारे गए लोगों को अजमेर शरीफ दरगाह में बुधवार को श्रद्धांजलि दी गई, साथ ही जो घायल हैं, उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ की गई। इस मौके पर सैयद अफशान चिश्ती खादिम गद्दीनशीन ने कहा कि पूरी दुनिया से आतंकवाद का खात्मा हो, ऐसी कामना करते हैं। वहीं हिमाचल में शिमला समेत कई स्थानों पर प्रदर्शन हुए, वहीं शाम को कैंडल मार्च निकाला। विश्व हिंदू परिषद, भाजपा, कांग्रेस, लोगों व अन्य सभी की एक ही मांग थी।

# पाकिस्तानी एक्टर की फिल्म अबीर गुलाल होगी बैन

मुंबई, 24 अप्रैल [एजेंसी]।



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमलों के विरोध में फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने इंप्लाइज और इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डायरेक्टर्स एसोसिएशन ने निंदा करने के साथ कड़े निर्णय लिए हैं।फिल्म फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने इंप्लाइज (एफडब्ल्यूआईसीई) ने अपने सभी सदस्यों को दुनिया में किसी भी जगह पाकिस्तानी कलाकारों के साथ काम न करने का आदेश जारी किया है। इससे पहले संस्था ने 2019 में पुलवामा आतंकी हमलों के बाद देशभर में पाकिस्तानी कलाकारों के साथ काम करने पर प्रतिबंध लगाया था।फेडरेशन ने कहा कि पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान अभिनीत फिल्म अबीर गुलाल की भारत में रिलीज रोकने के लिए संस्था की तरफ से हर संभव कदम उठाया जाएगा। इस मामले में एफडब्ल्यूआईसीई के मुख्य एडवाइजर और इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डायरेक्टर्स एसोसिएशन (आईएफटीडीए) के प्रेसिडेंट अशोक पंडित ने कहा कि ये हमला सिर्फ कश्मीर पर नहीं, पूरे देश पर हुआ है। फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री ने अमेरिका से फोन पर बातचीत में कहा कि पिछले 80 वर्षों में भारत में हो रहे आतंकी हमलों के शिकार हिंदू लोग ही बन रहे हैं। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वहां लोगों के नाम और उनके धर्म पूछकर मारा गया। उन्होंने कहा कि मैंने तो इसे अपनी फिल्म द कश्मीर फाइल्स में दिखाया भी था।

## पहलगाम हमले पर फूटा धर्मगुरुओं का गुस्सा, श्री श्री रविशंकर और बाबा रामदेव ने कड़ी कार्रवाई की मांग की




**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर ने कहा है कि दुख और गुस्से की इस घड़ी में पूरी दुनिया को एकजुट होकर आतंकियों को उनकी जगह दिखानी चाहिए।साथ ही कहा कि हर समझदार व्यक्ति इसकी निंदा करेगा, लेकिन अब सिर्फ निंदा करना ही काफी नहीं है, कार्रवाई की जरूरत है। दुनिया में जहां भी इस तरह की मानसिकता को बढ़ावा दिया जा रहा है, उसे जड़ से खत्म किया जाना चाहिए। योग गुरु बाबा रामदेव ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को राष्ट्र पर सीधा प्रहार बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गुलाम कश्मीर को भारत में मिलाने के साथ ही वहां संचालित आतंकी शिविरों को लक्ष्य बनाकर नष्ट करने के लिए कड़े कदम उठाए। अब समय आ गया है कि भारत भी इजरायल और अमेरिका की तरह अपने शत्रुओं को सटीक एवं कड़ा जबाव दे।

# चीन पर टैरिफ कम करने पर विचार कर रहा ट्रंप प्रशासन नया सौदों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कही ये बात

वाशिंगटन, 24 अप्रैल [एजेंसी]।

बीजिंग के साथ बातचीत के दौरान आयातित चीनी वस्तुओं पर टैरिफ कम करने पर डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन विचार करेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए मामले से जुड़े एक सूत्र ने बुधवार को कहा कि कोई भी कार्रवाई एकतरफा नहीं की जाएगी। सूत्र की यह टिप्पणी वाल स्ट्रीट जर्नल की उस रिपोर्ट के बाद आई है जिसमें कहा गया है कि व्हाइट हाउस तनाव कम करने के लिए चीनी आयात पर अपने टैरिफ में कटौती करने पर विचार कर रहा है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के हवाले से अखबार ने कहा कि चीन पर टैरिफ मौजूदा 145 प्रतिशत से घटकर 50 से 65 प्रतिशत के बीच आ सकता है।ट्रंप ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, हम



चीन के साथ उचित सौदा करने जा रहे हैं, लेकिन उन्होंने वाल स्ट्रीट जर्नल रिपोर्ट की बारीकियों पर कोई टिप्पणी नहीं की। उनकी यह टिप्पणी मंगलवार को की गई उनकी आशावादी टिप्पणियों के बाद आई है कि टैरिफ कम करने का सौदा संभव है।

व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कुश देसाई ने कहा कि टैरिफ पर कोई भी रिपोर्ट सिर्फ अटकलें हैं, जब तक कि वे सीधे ट्रंप की ओर से न आएं। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार के मद्देनजर जर्मन की शिपिंग कंपनी हैपैग-लायड ने बुधवार को कहा कि चीन से अमेरिका जाने वाले उसके 30 प्रतिशत शिपमेंट रद कर दिए गए हैं। चीन ने अन्य उपायों के साथ-साथ अमेरिकी आयात पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाकर जवाबी कार्रवाई की है।

# पहलगाम हमले को लेकर आज सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक, कांग्रेस भी करेगी इमरजेंसी मीटिंग



नईदिल्ली, 24 अप्रैल [एजेंसी]।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से ये दावा किया है। इसके पहले सीसीएस की बैठक में सिंधु जल समझौता रद करने और अटारी बॉर्डर को बंद करने जैसे कई अहम फैसले किए गए। वहीं कांग्रेस ने भी गुरूवार को पार्टी कार्यसमिति की आपात बैठक बुलाई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पहलगाम में पर्यटकों पर क्रुर आतंकी हमले को पूरी सख्ती से निपटने की देश की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पार्टी इस घटना के गुनहगारों के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मुखर आवाज उठाएगी। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को श्रीनगर पीसीआर अस्पताल जाकर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के बाद एक्स पर पोस्ट में कहा कि पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के मद्देनजर गुरुवार को सुबह 11 बजे कांग्रेस कार्यसमिति की आपातकालीन बैठक होगी।दिल्ली से श्रीनगर के पीसीआर अस्पताल में मारे गए पर्यटकों के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद वेणुगोपाल ने एक्स पोस्ट पर मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पूरे वातावरण में दुख का माहौल था, परिवार बिखर गए, मासूम जिंदगियां खत्म हो गईं। सपने खिलने से पहले ही बुझ गए। वहां खड़े होकर दर्द और खामोशी के बीच कोई भी व्यक्ति आतंक की क्रूरता और मानवता पर उसके असहनीय बोझ को महसूस किए बिना नहीं रह सकता।

## मुस्लिम वर्ल्ड लीग ने पहलगाम हमले की निंदा की, कहा- आतंकवाद का धर्म से कोई संबंध नहीं

**मक्का।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर मुस्लिम वर्ल्ड लीग ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। मुस्लिम वर्ल्ड लीग (एमडब्ल्यूएल) ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले की निंदा की, जिसमें 25 से अधिक लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। एमडब्ल्यूएल के महासचिव द्वारा जारी बयान में कहा गया कि मुस्लिम वर्ल्ड लीग (एमडब्ल्यूएल) पूरे इस्लामी जगत की तरफ से हमले की निंदा करता है। साथ ही बयान में कहा है कि हम हिंसा और आतंकवाद को उसके सभी रूपों और औचित्यों में खारिज और निंदा करते हैं और इसे किसी भी धर्म या संस्कृति से जोड़ने के किसी भी प्रयास को खारिज करते हैं। आगे कहा कि हम इस जघन्य अपराध के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। एमडब्ल्यूएल के महासचिव ने भारत के महामहिम प्रधानमंत्री की सऊदी अरब की यात्रा के समापन पर जारी संयुक्त बयान की विषय-वस्तु, विशेष रूप से इस भयानक हमले के संदर्भ पर भी ध्यान दिया। बयान में आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी निंदा की गई और उन्हें किसी भी जाति, धर्म या संस्कृति से जोड़ने के किसी भी प्रयास को खारिज कर दिया गया।

# कलमा पढ़ने से बची हिंदू प्रोफेसर की जान, बयां किया दहशत का दर्दनाक मंजर

श्रीनगर, 24 अप्रैल [एजेंसी]।

पहलगाम में अपने परिवार के साथ छुट्टियां बिताने पहुंचे असम यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर देबासीश भट्टाचार्य की मंगलवार को आतंकियों की गोली से जान कलमा पढ़ने से बची। सिल्चर स्थित यूनिवर्सिटी में बंगाली पढ़ाने वाले भट्टाचार्य मंगलवार को उस वक्त पहाड़ी क्षेत्र बैसरन में ही मौजूद थे, जब आतंकवादियों ने गोलियां बरसाकर पर्यटकों को मारना शुरू कर दिया। भट्टाचार्य ने बताया कि गोलियां चलने के बाद आतंकियों को देखते ही उनके आसपास के लोग जमीन पर लेट गए और कलमा पढ़ना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि मैंने भी उनकी नकल शुरू कर दी। एक आतंकवादी हमारे करीब आया और मेरे बगल में लेटे एक व्यक्ति को गोली मार दी। फिर उसने मेरी तरफ देखा और पूछा



कि क्या कर रहे हो। मैंने उसके सवाल का जवाब तो नहीं दिया, लेकिन जोर-जोर से कलमा पढ़ना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि क्या हुआ, वह मुड़ा और वहां से चला गया। उन्होंने कहा कि जैसे ही आतंकी वहां से गए, वह अपनी पत्नी और बेटे के साथ तुरंत उस जगह को छोड़कर वापस चलने लगे। मैंने किसी तरह वहां लगे बाड़ को पार कर बचने में कामयाब रहा। करीब दो घंटे तक पैदल चलने के बाद हमें एक स्थानीय व्यक्ति मिला, जिसने पहलगाम तक वापस जाने का रास्ता बताया।

कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया है कि आतंकियों ने उन्हें निशाना बनाने से पहले उनका धर्म पूछा और केवल पुरुषों को ही निशाना बनाया, इस संबंध में पूछे जाने पर भट्टाचार्य ने कहा कि वह बहुत घबराए हुए हैं और अन्य सवालों के जवाब नहीं दे पाएंगे। वहीं, असम सरकार भट्टाचार्य को वापस लाने के इंतजाम कर रही है। असम के मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में लिखा कि आतंकी हमले में जीवित बचे व्यक्ति से बात की गई है और पूरी जानकारी ले ली गई है। पूरे परिवार की असम वापसी का इंतजाम सरकार प्राथमिकता से कर रही है। असम सरकार उन्हें जल्द वापस ले आएगी।

# अमेरिकी कोर्ट ने छात्र को दी बड़ी राहत, अंतरराष्ट्रीय दर्जा खत्म करने के बाद किया गया बहाल



**अटलांटा।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से छात्रों पर की जा रही कार्रवाई से एक छात्र को अमेरिकी कोर्ट ने राहत दी है।मिसौरी स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले बांग्लादेशी छात्र अंजन राय को ईमेल मिला था, जिसमें उसके अंतरराष्ट्रीय छात्र का दर्जा खत्म कर दिया गया था। उसने कोर्ट की शरण ली, जिसके बाद उसके दर्जे को अस्थायी तौर पर बहाल कर दिया गया है। पहले भी कई अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने दर्जे को रद करने के आधार को चुनौती दी है। आयोवा विश्वविद्यालय में छात्र वीजा पर आए चार लोगों द्वारा सोमवार को दायर मुकदमे में वकीलों ने उन छात्रों द्वारा अनुभव की गई मानसिक पीड़ा का विवरण दिया। मुकदमे में कहा गया कि भारत का एक छात्र सो नहीं पा रहा है और उसे सांस लेने और खाने में कठिनाई हो रही है। उसने शोध करना और शिक्षण सहायक के रूप में काम करना बंद कर दिया है।दर्जे को निरस्त किए जाने से एक चीनी छात्र का अवसाद इस हद तक बढ़ गया कि उसके डॉक्टर को दवा की डोज बढ़ानी पड़ी। दरअसल, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पिछले महीने कहा था कि विदेश विभाग उन आगंतुकों के वीजा रद कर रहा है, जो राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध काम कर रहे हैं। उनमें कुछ ऐसे भी हैं, जिन्होंने गाजा में इजरायल के युद्ध का विरोध किया था और जो आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। लेकिन कई प्रभावित छात्रों ने कहा है कि उन्हें यह पता नहीं है कि क्यों निशाना बनाया गया है।

## पहलगाम आतंकी हमले पर रामभद्राचार्य हुए आगबबूला बोले- जितने हमारे मरे, उनके सौ गुना मारो

**चित्रकूट।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले से दुखी पद्मविभूषण जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि वह इस घटना से बहुत क्रोधित हैं। घटना के बाद से उन्होंने भोजन नहीं किया। सरकार से अपेक्षा है कि फिर सर्जिकल स्ट्राइक हो। जितने हमारे स्वजन मारे गए, उससे सौ गुणा लाशें बिछेंगी तब संतोष होगा। उन्होंने कहा कि घटना पाकिस्तान की साजिश है, सब वही करा रहा है। इसके बहुत गंभीर परिणाम होंगे। जो दो से तीन दिन में ही देखने को मिलेगा। इसी दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री होकर उमर अब्दुल्ला क्या कर रहे हैं।

# भारत के एक्शन के डर से टेंशन में पाकिस्तान, रातभर जागे रहे सेना के अधिकारी, बॉर्डर और आसमान पर रही नजर




नईदिल्ली, 24 अप्रैल [एजेंसी]।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत के बाद से पूरा देश आक्रोशित है। सरकार ने साफ कर दिया है कि इसके हमले को अंजाम देने वाले किसी भी आतंकी को बख्शा नहीं जाएगा। उधर पहलगाम हमले के बाद से ही पाकिस्तानी सेना में दहशत फैल गई है। पाकिस्तान को डर सता रहा है कि भारत हमले का बदला लेने के लिए एयरस्ट्राइक कर सकता है। पाकिस्तानी सेना में सीमा पार अलर्ट जारी किया हुआ है और पाक सेना के अधिकारी इसी आशंका के चलते रात भर जगे रहे।फ्लाइट डाटा दिखा रहा है कि भारत से डरकर पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के पास स्थित अपने बेस पर मिलिट्री विमानों को डिप्लॉय कर रहा है। डेटा के मुताबिक, पाकिस्तानी एयरफोर्स का हरकुलिस एयरक्राफ्ट PAF189 कराची एयरकमांड से लाहौर लाया गया है। वहीं पाकिस्तान में वीआईपी ट्रांसपोर्ट या इंटेलीजेंस ऑपरेशन के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एम्ब्रेयर फेनोम 100 PAF101 कराची बेस से रावलपिंडी बेस पर भेजा गया है। इसके अलावा लॉकहीड C-130E हरकुलिस एयरक्राफ्ट PAF177 भी रावलपिंडी एयरबेस पर भेजा गया है।

## हमने उस डर को जिया है, राहुल भट्ट बोले- पहलगाम आतंकी हमले ने कश्मीरी पंडितों के दर्द को फिर कुरेदा

**मुंबई।** कश्मीर से ताल्लुक रखने वाले अभिनेता राहुल भट्ट का कहना है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने कश्मीरी पंडितों के दर्द को उकेर दिया है। ब्लैक वारंट अभिनेता ने कहा कि पहलगाम के आतंकी हमले ने हमें अंदर तक झकझोर दिया है। यह सिर्फ एक और क्रूरता नहीं है, यह 1989-90 के पलायन के दौरान हमारे द्वारा झेली गई यातना की याद दिलाता है। हमने उस डर को जिया है। हमने उस अंधेरे को देखा है।और अब 35 साल बाद वही नफरत और खून-खराबा अभी भी घाटी में जारी है। इसके जिम्मेदार लोग सिर्फ अपराधी नहीं हैं, वे कायर हैं। निहत्थों को आतंकित कर रहे हैं। शांति प्रिय लोगों को चुप करा रहे हैं। हमने कश्मीर अपनी मर्जी से नहीं छोड़ा।

# घुटने पर बैठो सुशील, कलमा पढ़ो..., पत्नी और बच्चों के सामने मार दी गोली, LIC में करता था काम





नईदिल्ली, 24 अप्रैल [एजेंसी]।

पहलगाम में आतंकियों की बर्बरता की सारी हदें पार कर दी। उन्होंने हिंसा का नंगा नाच खेला। परिवार के साथ खुशियां मनाने पहुंचे पर्यटकों से धर्म पूछकर उनकी हत्या की। महिलाओं और बच्चों से ज्यादा परिवार के पुरुष सदस्यों को निशाना बनाया।कानपुर के शुभम द्विवेदी और करनाल के नेवी अधिकारी विनय नरवाल की तरह रायपुर के दिनेश मिरानिया से भी दहशतगर्दों ने धर्म पूछा और हिंदू सुनते ही उन्हें गोली मार दी। रायपुर के समता कॉलोनी निवासी दिनेश मिरानिया की हत्या से उनका पूरा परिवार स्तब्ध है।चचेरे भाई मनीष सिंघानिया ने बताया कि दिनेश शादी की सालगिरह पर कश्मीर गए थे। उनसे मंगलवार दोपहर फोन पर बात हुई थी, तब तक सब ठीक था।

शाम को आतंकी हमले की सूचना मिली तो फोन करने पर संपर्क नहीं हो पा रहा था। बाद में उनके बच्चों ने फोन पर बताया कि आतंकियों ने दिनेश से उनका धर्म पूछा। हिंदू कहने पर गोली मार दी। जयपुर के मालवीय नगर के माडल टाउन निवासी और यूएई में चार्टर्ड एकाउंटेंट नीरज उधवानी पत्नी आयुषी के साथ शादी समारोह में शामिल होने शिमला आए थे। वहां से कश्मीर घूमने चले गए। दोनों की दो वर्ष पहले शादी हुई थी।गुरुवार सुबह नीरज का अंतिम संस्कार होगा। मां ज्योति का रोते-रोते बुरा हाल है। राजस्थान के कानून मंत्री जोगाराम पटेल और राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी नीरज के स्वजन को सांत्वना देने पहुंचे।

# अप्रैल में फैमिली के साथ इन शानदार जगहों को बनाएं डेस्टिनेशन पॉइंट, हर पल रहेगा यादगार







अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में फैमिली के साथ ठंडी-ठंडी जगहों पर पहुंच सकते हैं।

हर कोई परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना चाहता है। इसलिए जब भी लोगों को समय मिलता है, तो वह अपने परिवार के साथ पसंदीदा जगहों पर पहुंच जाते हैं। अप्रैल के महीने में कई लोग अपने परिवार के साथ घूमने-फिरने के लिए निकलते हैं। अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ती है। गर्मी के कारण लोग फैमिली के साथ ठंडी-ठंडी जगहों पर मौज-मस्ती का प्लान बनाते हैं। लेकिन लोग सही जगह का चुनाव नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में फैमिली के साथ ठंडी-ठंडी जगहों पर पहुंच सकते हैं।

### मैक्लॉडगंज

अगर आप अप्रैल के महीने में हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में फैमिली संग घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो मैक्लॉडगंज आपके लिए परफेक्ट जगह है। यह हिमाचल प्रदेश का एक खूबसूरत और फेमस हिल स्टेशन है। जोकि धर्मशाला से करीब 5 किमी दूर है।

अप्रैल में मैक्लॉडगंज का मौसम सुहावना रहता है। इस दौरान आप अपने परिवार के साथ यहां पर यादगार पल बिता सकते हैं। आप मैक्लॉडगंज में फैमिली के साथ सेंट जॉन चर्च, नड्डी व्यू पॉइंट, भागसूनाग वाटरफॉल और डल झील जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

### बेताब वैली

जब भी जम्मू-कश्मीर में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले गुलमर्ग, श्रीनगर या फिर सोनमर्ग का नाम लेते हैं। लेकिन आप इन सभी से हसीन बेताब वैली को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यह वैली जम्मू-कश्मीर का वह छिपा हुआ खजाना है, जिसकी खूबसूरती देखकर आप खुशी से झूम उठेंगे।

बेताब वैली में घास के मैदान, शांत और शुद्ध वातावरण और झील झरने इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। वहीं बॉलीवुड की कई फिल्मों की यहां पर शूटिंग हो चुकी है। अप्रैल के महीने में यहां का तापमान एकदम सुहावना रहता है।

### मुनस्यारी

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित मुनस्यारी सबसे खूबसूरत और शानदार हिल स्टेशन माना जाता है। यह एक ऐसा हिल स्टेशन है, जो नेपाल और तिब्बत की सीमा के पास स्थित है। उत्तराखंड में स्थित मुनस्यारी को छोटा कश्मीर भी कहा जाता है।

अप्रैल के महीने में मुनस्यारी में हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने के लिए आते हैं। इस महीने यहां का तापमान 5एष्ट से 16एष्ट के बीच रहता है। ऐसे में आप इस दौरान यहां पर फैमिली के साथ घूमने के लिए आ सकते हैं और एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं। मुनस्यारी में आप थमरी कुंड, बेतुली धार, खलिया टॉप और नंदा देवी मंदिर जैसी जगहों पर घूमने जा सकते हैं।

### रोहडू

समुद्र तल से करीब 5 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद रोहड़ू एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह हिल स्टेशन हिमाचल प्रदेश में स्थित है। यह अपने शुद्ध और शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है। अप्रैल में बहुत सारे लोग सुकून का पल बिताने और एडवेंचर एक्टिविटी का लुत्फ उठाने के लिए रोहड़ू पहुंचते हैं। यहां पर बादलों से ढके पहाड़ और झील-झरनों के बीच ट्रैकिंग, कैंपिंग और हाईकिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। इसके साथ ही आप रोहड़ू में सुनपुरी हिल्स, चांशल रेंज और हटकोटी जैसी जगहों पर भी जा सकते हैं।

### इन जगहों को करें एक्सप्लोर

अप्रैल की इस चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए आप उत्तर भारत की कई अन्य शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप उत्तराखंड में चोपता और चकराता, हिमाचल प्रदेश में स्पीति वैली और काजा और काजा जम्मू कश्मीर में पहलगाम और पटनीटॉप जैसी शानदार और बेहतरीन जगहों को अपना डेस्टिनेशन पॉइंट बना सकते हैं।

## नो एंट्री के सीक्वल में बिपाशा बसु की जगह लेंगी तमन्ना भाटिया



पिछले काफी समय से नो एंट्री का सीक्वल चर्चा में है। पिछले साल दिसंबर में इसके सीक्वल का ऐलान हुआ था। निर्माता बोनी कपूर ने घोषणा की थी कि फिल्म के सीक्वल में पुराने सितारे नजर नहीं आएंगे।

फिर खबर आई कि इसमें वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ की एंट्री हो गई है। काफी समय से बिपाशा बासु वाली भूमिका के लिए हीरोइन की तलाश चल रही थी, जो अब तमन्ना भाटिया पर आकर खत्म हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, तमन्ना फिल्म में बिपाशा बसु वाला किरदार निभाएंगी। अजय देवगन की रेड 2 में अपने शानदार आइटम नंबर के लिए सुर्खियां बटोर रहीं तमन्ना की भूमिका फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाएगी। तमन्ना ने आधिकारिक रूप से इस फिल्म को साइन कर लिया है। वह इस मजेदार कॉमेडी फ्रैंचाइजी से जुड़कर बेहद उत्साहित हैं। नो एंट्री के सीक्वल में फिल्मी दुनिया से जुड़ीं 10 नामचीन अभिनेत्रियां नजर आने वाली हैं। तमन्ना के अलावा निर्माता एक और प्रमुख महिला भूमिका के लिए हीरामंडी में अहम भूमिका निभा चुकीं अभिनेत्री अदिति राव हैदरी के साथ बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, अभी यह नहीं पता कि उन्होंने इसके लिए हां की या नहीं। इस फिल्म के लिए श्रद्धा कपूर और पृथ्वीराज में नजर आईं मानुषी छिल्लर से भी संपर्क किया गया है। अभिनेत्रियों ने फिल्म में दिलचस्पी जरूर दिखाई है, लेकिन तमन्ना के अलावा अभी किसी ने भी फिल्म साइन नहीं की है। बोनी कपूर ने नो एंट्री का निर्माण किया था, जबकि इसके निर्देशक अनीस बज्मी थे। 2005 में आई इस फिल्म में सभी कलाकारों ने अपनी कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया था। फिल्म में सलमान ने लव गुरु का किरदार निभाया था। नो एंट्री 2002 में रिलीज हुई तमिल फिल्म चार्ली चैपलिन का रीमेक थी। 2016 में बंगाली भाषा में इस फिल्म का रीमेक बनाया गया था।

## फल और सब्जियां खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान



फल और सब्जियां हर किसी के खान-पान का अहम हिस्सा हैं, लेकिन इन्हें खरीदते समय कई लोग गलतियां कर बैठते हैं, जिससे उन्हें ताजे उत्पाद नहीं मिल पाते हैं।

ताजे फल और सब्जियां खाने से शरीर को भरपूर पोषण मिलता है और कई बीमारियों से बचाव भी होता है।

इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे सुझाव बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप बाजार से ताजे फल और सब्जियां खरीद सकते हैं।

मौसम के अनुसार चुनें फल और सब्जियां

फल और सब्जियां खरीदते समय मौसम का खास ध्यान रखें।

हर मौसम में अलग-अलग तरह के फल और सब्जियां होती हैं, जो ताजे और सेहतमंद होते हैं।

उदाहरण के लिए गर्मियों में तरबूज, खरबूज और ककड़ी जैसी ताजगी और पानी से भरपूर सब्जियां मिलती हैं, जबकि सर्दियों में गाजर, मेथी और मूली जैसी सब्जियां ताजगी से भरपूर होती हैं। इससे न सिर्फ आपको ताजे उत्पाद मिलेंगे बल्कि पैसे भी बचेंगे।

स्थानीय बाजार को दें प्राथमिकता

फल और सब्जियां खरीदने के लिए स्थानीय बाजार को प्राथमिकता दें। स्थानीय बाजार में मिलने वाले फल और सब्जियां ताजे, पौष्टिक और सस्ते होते हैं। इसके अलावा स्थानीय उत्पादों की पैकेजिंग में कम रासायनिक तत्व होते हैं, जिससे आपकी सेहत पर बुरा असर नहीं पड़ता है।

स्थानीय बाजार में खरीदारी करने से आपको ताजे और अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पाद मिलते हैं, जो आपके परिवार के लिए बेहतर होते हैं।

रंग और आकार पर ध्यान दें

फल और सब्जियां खरीदते समय उनके रंग और आकार पर ध्यान देना जरूरी है।

हमेशा चमकीले रंग की फल और सब्जियां चुनें क्योंकि ये अधिक पके हुए होते हैं और इनमें पोषक तत्व भी होते हैं। आकार में छोटे और मध्यम आकार के फल और सब्जियां चुनें क्योंकि ये ताजे और स्वादिष्ट होते हैं। इससे आपको बाजार से हमेशा बेहतरीन गुणवत्ता वाले उत्पाद मिलेंगे और आपके परिवार की सेहत भी बेहतर रहेगी।

पैकेजिंग को न करें नजरअंदाज

अगर आप पैकेट बंद फल या सब्जियां खरीद रहे हैं तो उनकी पैकेजिंग पर खास ध्यान दें।

ऐसी पैकेजिंग वाली चीजें चुनें, जिनमें कोई अप्राकृतिक रंग और अप्राकृतिक तत्व न हों। बेहतर होगा कि आप ऐसी पैकेजिंग वाली चीजें खरीदें, जो पर्यावरण के अनुकूल हों। इससे पर्यावरण को भी नुकसान कम होगा और आपकी सेहत पर भी अच्छा असर पड़ेगा।

इसके अलावा खुली चीजें खरीदने से भी बचें क्योंकि उनमें सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता। विक्रेता से पूछें- फल और सब्जियां खरीदते समय विक्रेता से पूछना न भूलें कि ये कहां से आई हैं और इनमें कौन-कौन से रासायनिक तत्व इस्तेमाल हुए हैं।

अच्छे विक्रेता अपनी सभी जानकारी खुद बताते हैं और अगर किसी चीज में ज्यादा रासायनिक तत्व मिले हुए हों तो वह खुद ही वो चीजें वापस ले लेता है। इस तरह आप ताजे और स्वस्थ उत्पाद ही खरीद पाएंगे। इन सरल सुझावों को अपनाकर आप अपनी अगली खरीदारी को बेहतर बना सकते हैं।



## वॉश बेसिन में क्यों होता है छोटा सा छेद? ज्यादातर लोगों को नहीं पता इसका जवाब, जानिए खबर में

अधिकांश लोगों के किचन में सिंक और बाथरूम या हॉल में वॉशबेसिन होता है. यह बहुत जरूरी भी है, क्योंकि अगर किचन में बेसिन नहीं होगा तो हम बर्तन कहां साफ करेंगे. इसी तरह अगर बाथरूम और हॉल में वॉशबेसिन नहीं होगा तो हम हाथ कहां साफ करेंगे और ब्रश कहा करेंगे? वहीं, यदि वॉशबेसिन ठीक से काम न करें तो सारा काम रुक जाता है. अगर लीकेज हो तो इनका इस्तेमाल नहीं हो पाता. सिंक हो या वॉशबेसिन, दोनों का डिजाइन लगभग एक जैसा ही होता है, लेकिन अगर आपने ध्यान से देखा होगा तो आपको वॉशबेसिन में नल के ठीक नीचे एक छोटा सा छेद नजर आया होगा. सिंक में ऐसा छेद नहीं लगाया जाता. क्या आपने कभी सोचा है कि वॉशबेसिन में ये छेद क्यों बनाया जाता है? अगर नहीं जानते तो यहां जान लीजिए...

1.इस छोटे छेद का मुख्य कार्य यह है कि यह पानी को ओवरफ्लो होने से रोकता है. जी हां, इस छोटे से छेद का प्राथमिक उद्देश्य पानी को वॉशबेसिन में ओवरफ्लो होने से रोकना है. यदि आप कभी नल बंद करना भूल जाते हैं या मुख्य नाली जाम हो जाती है, तो ओवरफ्लो छेद से एक्स्ट्रा पानी को वापस ड्रेनेज सिस्टम में भेज देता है, जिससे पानी फर्श पर नहीं भरता और आपके घर या बाथरूम के उपकरणों को संभावित पानी के नुकसान से बचाता है.

2.इस छोटे छेद का एक और कार्य यह है कि यह पानी को तेजी से निकालने में मदद करता है. ओवरफ्लो छेद हवा को जल ड्रेनेज सिस्टम में प्रवेश करने की भी अनुमति देता है, जो वैक्यूम प्रभाव को तोड़ता है जो पानी के फ्लो को धीमा कर सकता है. इसके साथ ही पानी को अधिक तेजी से और कुशलता से निकालने में सक्षम बनाता है.

3.जब पानी बहकर काउंटरटॉप या फर्श पर रह जाता है, तो यह नमी वाला वातावरण बनाता है, जो फफूंद और बैक्टीरिया की वृद्धि को कम करता है. ओवरफ्लो होल रूके हुए पानी को कम करने में मदद करता है, जिससे बाथरूम साफ और स्वस्थ रहता है.

4.यह छोटा सा छेद बच्चों और बुजुर्गों के लिए बहुत सुरक्षित माना जाता है. दरअसल, जिन घरों में बच्चे या बुजुर्ग होते हैं, वहां गलती से नल खुला छोड़ देना आसान होता है. ऐसे में ओवरफ्लो होल एक मूक रक्षक की तरह काम करता है, जो छोटी-छोटी गलतियों को बाढ़ जैसी बड़ी समस्या में बदलने से रोकता है.

## भाभी जी घर पर हैं फेम शुभांगी अत्रे का बोल्ड लुक वायरल



भाभी जी घर पर हैं सीरियल से घर-घर में मशहूर हुई एक्ट्रेस शुभांगी अत्रे ने अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक से एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है. अपने बर्थडे के मौके पर शुभांगी ने एक बेहद स्टनिंग फोटोशूट कराया है जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं. ब्लैक ड्रेस में रेड रोज़ डिटेलिंग और परफेक्ट मेकअप के साथ एक्ट्रेस का यह अंदाज फैंस को बेहद पसंद आ रहा है. इन तस्वीरों के साथ शुभांगी ने कैप्शन लिखा - एक साल और समझदार आत्मप्रेम मुझे जन्मदिन मुबारक हो। उनके इस बोल्ड अंदाज को देखने के बाद फैंस लगातार कमेंट्स कर रहे हैं. किसी ने उन्हें 'स्टनिंग' बताया तो कोई उनकी खूबसूरती पर फिदा हो गया. वहीं टीवी एक्ट्रेस मेघा धाडे ने भी कमेंट करते हुए लिखा, समझदार और सुंदर, जन्मदिन मुबारक हो बेबी। शुभांगी का यह लुक न सिर्फ फैंस बल्कि इंडस्ट्री के दोस्तों को भी काफी पसंद आ रहा है. एक्ट्रेस का यह बोल्ड अवतार यह साबित करता है कि उम्र सिर्फ एक नंबर है।

## शब्द सामर्थ्य -027

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, ईसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 026 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | | म | री | ज | | | |
| ग | ह | न | ता | | ब | र | ब | स |
| | की | | धि | क्का | र | | र | मा |
| | का | | का | | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | | स्त | र | | |
| ह | | | | | | दा | मि | नी |
| ना | | ए | ह | ति | या | त | | लां |
| वा | च | क | | हा | | | खू | ब |
| | | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | | र |

# जेएमएस कंपनी की लापरवाही से खान दुर्घटना में श्रमिक की मौत

**चरचा कालरी।** मंगलवार की रात चर्चा वेस्ट खदान में मंगलवार की रात लगभग 9 बजे हुई दुर्घटना में जेएमएस कंपनी के ठेका श्रमिक दिगेश्वर सिंह पिता शोभित सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी बरबसपुर एमसीबी जिले की दुखद मृत्यु हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चर्चा बेस्ट खदान के अंदर पैनल नंबर पांच में जेएमएस कंपनी के कर्मचारी कोयला उत्खनन का कार्य कर रहे थे कोयला उत्खनन करने हेतु डी एच मशीन से कार्य किया जा रहा था इस मशीन के केबल को उठाने का कार्य दिगेश्वर सिंह का था घटना के समय काम बंद था किंतु मशीन के ऑपरेटर ने अचानक मशीन प्रारंभ कर दिया जिसकी वजह से केबल खिंच गया और दिगेश्वर सिंह उसकी चपेट में आ गया घटनास्थल पर कार्य कर रहे मजदूरों ने तुरंत श्रमिक को बाहर निकाला और उसे क्षेत्रीय चिकित्सालय चर्चा पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया दिया दुर्घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई मृतक के परिवार में उसकी पत्नी सविता सिंह पिता शोभीत सिंह एवं उसकी माता रहती हैं मृतक श्रमिक के साथ कार्य करने वाले मजदूरों ने बताया की मात्र तीन दिन पूर्व ही दिगेश्वर ने कार्य प्रारंभ किया था और चौथे दिन उसकी मृत्यु हो गई मृत श्रमिक का वोकेशनल ट्रेनिंग भी ठेका कंपनी के द्वारा नहीं कराया गया जबकि खदान में काम करने के पूर्व बीटीसी ट्रेनिंग अनिवार्य होती है खान में हुई दुर्घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय चिकित्सालय में ठेका श्रमिक भारी संख्या में पहुंचने लगे किंतु ठेका कंपनी जेएमएस के उच्च अधिकारी नहीं पहुंचे जिसकी वजह सेश्रमिकों में काफी नाराजगी नजर आई ,चर्चा पुलिस ने शव का पंचनामा करने का प्रयास किया। किंतु सभी ठेका श्रमिकों ने इसका विरोध करते हुए 15 लाख रुपया का तत्काल मुआवजा राशि दिलाए जाने की बात कही , और पंचनामा करने से इनकार कर दिया श्रमिकों के द्वारा भारी विरोध किया जा रहा था तब तक राजेश सिंह उपाध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा अरुण जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा पार्षद प्रदीप तिवारी लाल मोहम्मद हसन महमूद हसन सहित काफी जनप्रतिनिधि भी घटनास्थल में पहुंच गए और ठेका श्रमिकों का समर्थन करने लगे काफी विलंब के बाद जेएमएस कंपनी के एक अधिकारी पहुंचे और श्रमिकों को ही डांटने लगे जिससे और ज्यादा श्रमिक भड़क गए किसी तरह पुलिस के हस्तक्षेप के बाद उक्त अधिकारी को वापस भेजा गया कॉलरी प्रबंधन की ओर से गौरव दुबे उपकार्मिक प्रबंधक, ददन राम उपकार्मिक प्रबंधक ,हीरा सिंह उपकार्मिक प्रबंधक ,धर्मेंद्र सिंह श्रम संघ प्रतिनिधि रियाज अहमद ,प्रवीण डेहरिया, महेश यादव आदि यूनियन प्रतिनिधि भी पहुंचे और आपसी सामंजस के साथ समाधान करने का प्रयास किया किंतु सभी ठेका श्रमिक मुआवजा राशि पर आड़े रहे उनका कहना था कि जब तक मुआवजा राशि नहीं मिलेगी तब तक हम पंचनामा नहीं होने देंगे।

## महाप्रबंधक ने दिलाया 15 लाख रुपयों का एक्स ग्रेशिया मुआवजा



### महाप्रबंधक का मिला विशेष सहयोग

क्षेत्रीय चिकित्सालय चर्चा में मृत ठेका श्रमिक के पक्ष में प्रदर्शन कर रहे ठेका श्रमिकों की मांगों के संबंध में जानकारी मिलते ही महाप्रबंधक बी.एन. झा ने जेएमएस कंपनी के प्रभारी को एक्सग्रेशिया राशि देने का निर्देश दिया। चर्चा खदान में कोयला निकालने का ठेका जेएमएस कंपनी ने लिया था और मृत श्रमिक में इसी कंपनी का कर्मचारी था इस वजह से जेएमएस कंपनी की ही जिम्मेदारी बनती है कि वह श्रमिक को मुआवजा राशि दे किंतु कंपनी के अधिकारियों ने तकनीकी कारणों व एक अधिकारी की छुट्टी पर होने की बात करते हुए तत्काल राशि देने में असमर्थता व्यक्ति की जिस पर महाप्रबंधक बी.एन. झा ने सहृदयता दिखाते हुए तत्काल एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र की ओर से 15 लाख रुपयो का चेक मृत श्रमिक की पत्नी श्रीमती सविता सिंह के नाम पर प्रदान किया इसके अतिरिक्त ठेका कंपनी के द्वारा 25000 की राशि की नगद राशि मृतक के अंतिम संस्कार के लिए दिया गया।

### ठेका कंपनी पर मजदूरों ने लगाया

जेएमएस कंपनी में काम करने वाले ठेका मजदूरों ने कहा कि कंपनी के द्वारा पेटी कॉन्टैक्टर के माध्यम से कार्य कराया जाता है खदान के अंदर ठेका काम करने हेतु ठेकेदार परमानंद और मुंशी रामराज के द्वारा हम लोगों से 20 हजार रुपया लिया गया है। ठेकेदार के द्वारा बीटीसी भी नहीं कराया जाता और जबरन ऐसे कार्य करवाए जाते हैं जिसके बारे में हम लोग को कोई जानकारी नहीं रहती किंतु जीवन यापन करने के लिए मजबूरी में हम लोगों को कार्य करना पड़ता है ठेका कंपनी और ठेकेदार के द्वारा अंग्रेजों की तरह व्यवहार किया जाता है।

### थाना प्रभारी की रही विशेष सक्रियता

खान दुर्घटना में मृत श्रमिक के प्रकरण में चर्चा थाना प्रभारी प्रमोद पांडे की विशेष सक्रियता नजर आई थाना प्रभारी सुबह 7 बजे से ही क्षेत्रीय चिकित्सालय में डटे रहे अस्पताल परिसर में कई बार श्रमिकों और ठेका कंपनियों के बीच विवाद की स्थिति हुई , ठेका कंपनी के विरोध में नारे भी लगे किंतु थाना प्रभारी की सक्रियता से किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई लगातार समझाइश देने व मुआवजा राशि मिलने के बाद श्रमिक भी वहां से चले गए।




## कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि, हमले में मारे गए नागरिकों के परिजनों के साथ खड़ी है कांग्रेस

**कोरिया बैकुंठपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या से देशभर में आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में समस्त कांग्रेसजनों ने शाम एक कैंडल मार्च कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख चौराहे कुमार चौक तक पहुँचा, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर मोमबत्तियाँ जलाईं और दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। यह केवल एक श्रद्धांजलि मार्च नहीं, बल्कि एकजुटता का संदेश है। जो निर्दोष नागरिक इस हमले का शिकार हुए, उनके परिवारों के साथ हम कांग्रेसजन पूरी तरह से खड़े हैं। दुख की इस घड़ी में हम उनके साथ संवेदना प्रकट करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें।

## नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी

**रायपुर।** राजधानी की सिविल लाईन थाना पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर 4 लाख रूपये लेकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी विजय कुमार यादव उर्फ विवेक एवं एनोस दास को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियो द्वारा लोक निर्माण विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ऐंठे थे रूपये। आरोपी विजय के द्वारा खुद को पीडब्लयुडी का एसडीओ बताकर लोगों को झांसे में लेता था तथा लाखों रुपए लेकर देते थे फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र देता था। 12.04.2025 को प्रार्थी हीरालाल राजवाड़े ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि विवेक कुमार यादव उर्फविवेक के द्वारा अपनी चारपहिया वाहन में पी.डब्ल्यू.डी. छ.ग. शासन लिखवाकर स्वयं को पीडब्लयुडी का एसडीओ बताकर ब्लाक पोड़ी कोरबा मे एक स्कुल के निरीक्षण हेतु पहुंचा था। निरीक्षण पश्चात लोक निर्माण विभाग पोड़ी ब्लाक मे सब इंजीनियर वर्ग 1 एवं वर्ग 2 के आदिवासी व पिछडा वर्ग का सीट खाली है कहकर नौकरी लगाने की बात किया। जिस पर प्रार्थी उसकी बातों में आकर अलग अलग किश्तों में घड़ी चौक रायपुर के पास 4 लाख रूपये दे दिया, परन्तु आरोपी द्वारा प्रार्थी को अपने झांसे में लेने एवं अन्य लोगो को भी नौकरी लगाने की बात कहकर अपने मित्र एनोस दास के माध्यम से फर्जी नियुक्ति प्रमाण देकर नौकरी न लगाकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी सिविल लाईन के नेतृत्व में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।

## सुशासन तिहार बना जनसमस्याओं के समाधान का सशक्त मंच

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू किया गया सुशासन तिहार अब केवल सरकारी कार्यक्रम न रहकर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का त्योहार बनता जा रहा है। जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों शिवपुर-चरचा और बैकुण्ठपुर में पहले चरण में नागरिकों की शिकायतों और आवश्यकताओं पर जिस सक्रियता से कार्य किया गया, उसने लोगों के विश्वास को मज़बूत किया है। नाली सफाई, स्ट्रीट लाइट सुधार, गंदगी हटाना, पेंशन मंजूरी और प्रमाणपत्र जारी करने जैसे मुद्दों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। अधिकारी आवेदनों को गंभीरता से लेकर तुरंत समाधान कर रहे हैं और नागरिकों को उनके मोबाइल नंबर पर फॉलोअप कॉल भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप, कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया था कि सभी आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसका प्रभाव अब ज़मीन पर भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। आम जनता की संतुष्टि, सुभाष नगर वार्ड शिवपुर-चरचा निवासी उपेंद्र सिंह द्वारा वृद्धावस्था पेंशन हेतु दिए गए आवेदन का शीघ्र समाधान के लिए कार्यवाही की गई। वार्ड क्रमांक 1 निवासी संजय दास के राशन कार्ड से नाम कटवाने का आवेदन पूरा हुआ। बैकुण्ठपुर वार्ड 2 में निवासरत रामसुमेर केंवट द्वारा मिशन स्कूल रोड की सफाई की मांग पर त्वरित सफाई की गई। सूबेदार गुप्ता ने नाली पर बने अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की मांग की और अब समाधान कर दिया गया है, इसी तरह सुखदेव राम बेक के आवेदन पर रैन बसेरा में कटे लकड़ियों को हटवाया गया। इसके अलावा अन्य सभी मामलों में संबंधित अधिकारी, आवेदनो को तुरंत समाधान की प्रक्रिया में जुटे हुए हैं, जिससे नागरिकों में संतोष और आभार की भावना देखी जा रही है। सुशासन तिहार ने प्रशासन और जनता के बीच की दूरी कम की है और शासन को जन-हितैषी रूप में प्रस्तुत किया है।



## छत्तीसगढ़ सरकार ने शुरू किया मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के युवाओं को शासन और नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के लिए एक ऐतिहासिक पहल करते हुए 'मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप (ष्टरूत्रत्रस्न)' कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर और छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सहयोग से चलाया जाएगा।

यह दो वर्षीय एमबीए डिग्री कार्यक्रम विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के लिए तैयार किया गया है, ताकि राज्य की प्रतिभाओं को प्रशासन में योगदान देने का अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, राज्य के होनहार युवाओं को शासन से जोड़ना और उन्हें नीति निर्माण में भागीदार बनाना इस फेलोशिप का मूल उद्देश्य है। यह कार्यक्रम सुशासन की दिशा में एक बड़ा कदम है। सभी चयनित विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। 50 हजार रुपए मासिक विद्यार्थियों को उनकी सेवाओं और प्रशिक्षण अवधि के लिए सम्मानजनक छात्रवृत्ति दी जाएगी। आईआईएम रायपुर में पढ़ाई के साथ-साथ छात्र विभिन्न विभागों और जिलों में प्रशासनिक अनुभव भी प्राप्त करेंगे। साथ ही छात्र अपने प्रोजेक्ट्स और नीतिगत सुझाव सीधे मुख्यमंत्री को प्रस्तुत कर सकेंगे। आवेदक छत्तीसगढ़ के मूल निवासी होने चाहिए।

अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों के पास CAT 2022, 2023 या 2024 का वैध स्कोर होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया में समूह चर्चा (त्रष्ठ) और साक्षात्कार भी शामिल हैं। यह फेलोशिप उन युवाओं के लिए एक स्वर्णिम अवसर है जो शासन, नीति और सामाजिक विकास के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। आवेदन संबंधी अधिक जानकारी आईआईएम रायपुर की आधिकारिक https://iim-raipur.ac.in/mba-ppg/ वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# समाज कल्याण विभाग ने दिव्यांग बच्चियों के घर पहुंचकर प्रदान की सामग्री

**कोरिया चरचा कालरी।** छत्तीसगढ़ के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशवासियों की समस्याओं का समाधान और शासकीय योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक नगर एवं ग्राम में जनसमस्याओं को सुनने और उन्हें हल करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।इसी कड़ी में नगर पालिका शिवपुर चरचा द्वारा भी विशेष शिविर आयोजित कर नागरिकों से आवेदन लिए गए। इसके पश्चात प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता देखने को मिली, जिन्होंने घर-घर जाकर शासकीय योजनाओं की जानकारी दी और पात्र नागरिकों को लाभ दिलाने का कार्य आरंभ किया।

नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 13 निवासी एक महिला ने अपनी दो दिव्यांग बेटियों जिनमें एक 85 प्रतिशत और दूसरी 75प्रतिशत दिव्यांग हैं तथा चल-फिर नहीं सकतीं। उनके लिए सुशासन तिहार शिविर में वॉकर एवं इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर की मांग का आवेदन दिया। इस संवेदनशील प्रकरण को नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा ने तत्परता से समाज कल्याण विभाग को प्रेषित किया। इस पर विभाग के उपसंचालक आलोक भुवर स्वयं बच्चियों के घर पहुंचे और उन्हें वॉकर एवं इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर प्रदान की। साथ ही उन्होंने शासन की योजनाओं के अंतर्गत और भी लाभ पहुंचाने का आश्वासन दिया। दिव्यांग बच्चियों के संबंध में जानकारी मिलते ही वार्ड पार्षद व नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री राजेश सिंह, पार्षद प्रदीप तिवारी एवं आदित्य जायसवाल भी दिव्यांग बच्चियों के घर पहुंचे और और अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए समाज कल्याण विभाग से बच्चियों के लिए अतिरिक्त सुविधाओं की मांग की। जिस पर समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ने आश्वासन दिया कि दोनों बच्चियों के नाम से नि:शुल्क राशन कार्ड बनाया जाएगा, जिसके तहत उन्हें प्रति माह 10 किलो राशन मिलेगा। साथ ही जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की देखरेख में उनका विशेष इलाज भी करवाया जाएगा। नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में सुशासन तिहार के माध्यम से आम नागरिकों को जिस प्रकार से राहत एवं सहयोग मिल रहा है, वह निश्चित ही एक समर्पित, संवेदनशील और सक्रिय शासन व्यवस्था का प्रमाण है। यह पहल प्रदेश में लोकतांत्रिक जवाबदेही और जनकल्याणकारी प्रशासन को मजबूती प्रदान कर रही है। इस विशेष काम करो को सफल बनाने हेतु नगर पालिका शिवपुर चर्चा के प्रभारी आलोक चक्रधारी एवं समस्त कर्मचारी विशेष रूप से सक्रिय हैं।



## गुमशुदा : दो बच्चों को लेकर घर से निकली महिला

**मुंगेली।** श्रीमती भगवती साहू निवासी शिक्षक नगर मुंगेली अपने पति चंद्रकुमार साहू के साथ पारिवारिक मतभेद के कारण अपने साथ दोनों बच्चों हर्षित साहू और मानवी साहू को लेकर घर से कहीं चली गयी है। जिसे लेकर मुंगेली थाना कोतवाली में गुम इंसान का मामला दर्ज किया गया तथा पतासाजी की जा रही है। किसी भी प्रकार की अफ्वाह से बचे और गुमशुदा भगवती साहू के साथ उसके बच्चों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

## शिक्षक की सेवा समाप्त

**मरवाही।** छत्तीसगढ़ में नाबालिग स्कूली छात्रा से हैवानियत करने वाले आरोपी शिक्षक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है. मामला संज्ञान में आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने आरोपी शिक्षक किशोर दिनकर की सेवा समाप्त कर दी है. इस संबंध में आदेश भी जारी किया है।

# नए खाते खोलने एवं खातो में मोबाईल नंबर अपडेट करने के पहले तस्दीक करने के निर्देश

## आनलाईन ठगी से बचाव के लिए डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने ली बैंक प्रबंधकों की बैठक



**सूरजपुर।** भय और लालच में आकर लोग बड़ी संख्या में सायबर ठगी का शिकार हो रहे हैं जिससे लोगों को बचाने के लिए डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने बैंक प्रबंधन के साथ एक बैठक की। इस बैठक में ऑनलाइन ठगी को रोकने के लिए बैंकों के साथ मिलकर काम करने की रणनीति पर चर्चा कर बैंकों को धोखाधड़ी की शिकायतें आसानी से हल करने और नागरिकों को ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में जागरूक करने के लिए कई सुझाव भी दिए। ऑनलाइन फ्रॉड को कम करने में बैंक महत्वपूर्ण भूमिका कैसे अदा कर सकता है उसके टिप्स भी बताए।

मंगलवार, 22 अप्रैल 2025 को डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने नगर के सभी बैंक प्रबंधकों की बैठक ली और कहा कि साइबर अपराध के दो पहलू है पहला बैंक और दूसरा मोबाईल सीम प्रोवाईड, दोनों तय प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करें तो फ्राड को काफी हद तक रोका जा सकता है। बैंक में खाता खोलवाने वाले व्यक्ति की पूरी जांच पड़ताल के बाद खाता खोले, बैंक खाता में मोबाईल नंबर बदलने के पूर्व व्यक्ति की पूरी तस्दीक की जाए, संदिग्ध व्यक्ति जो अपना शहर छोड़कर आपके शाखा में खाता खोलवाने आता है तो उससे इसका कारण पूछे और पूर्ण संतुष्टी के उपरांत खाता खोली जाए। उन्होंने बैंक अफसरों से कहा कि ऑनलाइन ठगी के बाद किसी भी तरह की जानकारी मांगी जाती है तो उसे तुरंत उपलब्ध कराएं। इसमें देर होने पर ठग पुलिस की गिरफ्त से दूर हो जाते हैं। साइबर ठगी को रोकने के लिए बैंकों में अलर्ट सिस्टम हमेशा होना चाहिए। बैंक, एटीएम कैश वाहन, एटीएम सुरक्षा कार्ड में तैनात कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराए। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने बैंक प्रबंधकों को कहा कि साइबर ठगी रोकने, संदिग्ध बैंक खातों की जांच एवं खाता खोलने के दौरान संबंधित व्यक्ति की पूर्ण तस्दीक की जाए, बैंक में साइबर फ्राड संबंधी शिकायतों को सुनने नोडल अधिकारी नियुक्त करने और साइबर ठगी से बचाव के पुख्ता कदम उठाने बैंक प्रबंधकों से चर्चा कर निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बैंक की सुरक्षा, ऑनलाईन फ्राड रोकने और ऐसे शिकायतों के निराकरण के लिए पुलिस अधिकारियों, पुलिस कन्ट्रोल रूम व बैंक प्रबंधन का वाटसएप ग्रुप बनेगा ताकि कार्य में आसानी हो। कोई व्यक्ति ऑनलाइन ठगी का शिकार होता है तो उसे बैंक से उसके खाते और जिस खाते में रकम ट्रांसफर हुई है, इसकी जानकारी समय पर दी जाए। इससे पीड़ितों का सिस्टम पर भरोसा बढ़ेगा। कई बार बैंकों की ओर से जानकारी समय पर नहीं दी जाती है।

नतीजा मामला उलझता चला जाता है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, निरीक्षक जावेद मियादांद, साईबर सेल प्रभारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सोहित गुप्ता, यूको बैंक राजेश पाण्डेय, यूनियन बैंक पुष्पेन्द्र वर्मा, आईडीएफसी बैंक मयंक अग्रवाल, एक्सीस बैंक अजित सोनी, सेन्ट्रल बैंक सोनल एक्का, एसबीआई रायपाल गुप्ता, ग्रामीण बैंक दीपक राज वर्मा, गोविन्द कुमार, एसबीआई कलेक्ट्रेट ब्रांच चांदनी कुमारी, आईसीआइ 'सीआई बैंक पुष्पा राजवाड़े मौजूद रहे।

## छेड़छाड़ के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** अक्टूबर 2024 में थाना चकरभाठा क्षेत्र में लूटपाट एवं छेडछाड़ के प्रकरण में फरार एक आरोपी दीप सलूजा को चकरभांठा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। आरोपी अक्टूबर 2024 से दोनो घटना को अंजाम देकर लगातार फरार चल रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर रजनेश सिंह द्वारा जिला बिलासपुर के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को थानों में लंबित पुराने प्रकरणों के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी कर प्रकरण का निराकरण करने के कडे निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुज कुमार एवं नगर पुलिस अधीक्षक रश्मित कौर चावला के मार्गदर्शन में थाना चकरभांठा के लूटपाट एवं छेडछाड के प्रकरण के फरार आरोपी दीप सलूजा पिता सुनील सलूजा उम्र 20 वर्ष निवासी क्रांति नगर हनुमान मंदिर के पीछे थाना तारबहार जिला बिलासपुर के द्वारा अपने साथियों के साथ दिनांक 02.10.2024 के रात्रि में काली ढाबा के पास पीड़िता को अश्लील गाली गुप्तार कर मारपीट करने की धमकी देकर छेड़छाड़ किया था जिस पर थाना चकरभाठा में धारा 74 296 115(2) 324(4) 126(2) 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर लगातार आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। इसी प्रकार आरोपी दीप सलूजा पिता सुनील सलूजा उम्र 20 वर्ष निवासी क्रांति नगर हनुमान मंदिर के पीछे थाना तारबहार जिला बिलासपुर के द्वारा अपने साथियों के साथ 02.10.2024 को रामावैली गेट के पास प्रार्थी वेदांत शुक्ला निवासी रामावैली के साथ अश्लील गाली गुप्तार कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था जिस पर आरोपी के विरूद्ध थाना चकरभाठा में धारा 309(6) 351(4) 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर लगातार आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आरोपी का लोकेशन प्राप्त कर थाना प्रभारी चकरभाठा निरीक्षक उत्तम साहू द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपी को घेराबंदी कर रायपुर से पकडा गया और अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर आरोपी द्वारा घटना घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## वन भैंसे की मौत, दो शिकारी गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में वन्यजीवों के शिकार की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बागबाहरा वनपरिक्षेत्र के खल्लारी सर्किल अंतर्गत संरक्षित वन क्षेत्र में दो दिन पहले करंट प्रवाहित तार में फंसकर तेंदुआ और वन भैंसा की मौत की घटना सामने आई थी। इस मामले में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी अभी फरार है।बता दें कि वन विभाग की जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों ने इससे पहले एक जंगली सुअर का भी शिकार कर उसे पकाकर खा लिया था। विभाग ने जब छापेमारी की तो आरोपियों के पास से पकाया हुआ सुअर का मांस, बिजली के तार, कांच की शीशी, लोहे की कुल्हाड़ी, लकड़ी की खूंटी, शाही जानवर का पंख, खरगोश और पक्षियों को पकड़ने के फंदे बरामद किए गए।बागबाहरा वन परिक्षेत्र के रेंजर लोकनाथ ध्रुव ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुकेश रावत (33 वर्ष) ग्राम खल्लारी निवासी और मनोहर यादव ग्राम ओंकारबंद निवासी शामिल हैं। तीसरे आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 35 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**रायपुर।** मामले के संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि चेतना विरुद्ध नशा व प्रहार अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध कार्यवाहीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (भा.पु.से.) द्वारा निर्देशित किया गया है। मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम टेंगनमाडा में अवैध रूप से धनार्जन करने के उद्देश्य से कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहे है रखे हैं, मुखबिर से प्राप्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारिओ को अवगत कराया गया जिनके निर्देशानुसार व मती अर्चना झा (रा. पु.से.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं मती नुपूर उपाध्याय (रा.पु.से.) अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा के मार्गदर्शन में टीम गठित कर ग्राम टेंगनमाडा में रेड कार्यवाही करते हुये अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले पर रेड कार्यवाही कर आरोपिया आभा पति बबलू राय उम्र 38 वर्ष निवासी टेंगनमाडा करवा चौकी बेलगहना चौकी बेलगहना जिला बिलासपुर के कब्जे से अलग अलग प्लास्टिक डिब्बा में कुल 35लीटर कच्ची महुआ शराब, कीमती 7000रु के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही करते हुये आरोपिया आभा राय को 23.04.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया.उक्त कार्यवाही में चौकी बेलगहना प्रभारी उप भावेश शेंडे,भरत राठौर,आरक्षक ईश्वर नेताम,विजेंद्र कोल, महिला आर. गोमती पेंन्द्रो की विशेष भूमिका रही।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की शोकसभा

**कोरबा।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में कांग्रेसियों के द्वारा कई स्थानों पर शोकसभा की गई। कल बांकी चौक में पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्रित हुए और मोमबत्ती जलाते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता हरीश परसाई, जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम मनहर, राजेश मानिकपुरी, परमानंद सिंह, प्रदीप अग्रवाल, फिरोज अनंत, राकेश अग्रवाल, आशा साहू, रूपा मनहर, संदीप डहरिया, पवन गुप्ता, बजरंग दास सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। दीपका गांधी चौक में भी कांग्रेसी कार्यकर्ता एकत्रित हुए और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। मोमबत्ती जलाकर आतंकवादी घटना की निंदा की गई। ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप सिंह, तनवीर अहमद, विकास शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने इस घटना की बदला लेने की बात कही।

## सांसद महंत पेयजल समस्या को लेकर गंभीर

**कोरबा।** क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना महंत पेयजल समस्या को लेकर काफी गंभीर हो गई है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय करते हुए सभी क्षेत्रों में जाने को कहा है ताकि समस्या का हल किया जा सके। कल कटघोरा ब्लॉक ग्रामीण अध्यक्ष गोरेलाल यादव व संतोष राठौर ने छुरी, अरदा सहित आसपास के गांवों का दौरा किया और लोगों से मुलाकात की। उन्होंने जानने का प्रयास किया कि पेयजल की समस्या को लेकर वे क्या कर रहे हैं। उनकी समस्याओं को लेकर सांसद महंत के द्वारा प्रशासन पर दबाव बनाया जाएगा। पिछले दिनों सांसद महंत के गेवरा पहुंचने पर यहां पर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेयजल समस्याओं को सामने रखा। उन्होंने कहा कि कालोनी में भी पेयजल की काफी गंभीर समस्या है। कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां पर नलों से पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। यहां पर गोपाल यादव, विकास शुक्ला, छंदराम राठौर, एमपी सिंह, अनिल राठौर ने अन्य मांगों को भी रखा। कांग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा है कि पेयजल की समस्या को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर सांसद महंत को अवगत करावें ताकि किसी भी व्यक्ति को परेशानी न हो।

## भाजपा जिलाध्यक्ष शर्मा कल रहेंगे भिलाईबाजार मंडल में

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा सभी मंडलों में अनुसूचित जाति के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कल भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा भिलाईबाजार मंडल में वरिष्ठजनों का सम्मान करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर के द्वारा की जा रही है। जबकि कोरबा नगर मंडल में भाजपा के वरिष्ठ नेता जोगेश लांबा, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, रामाश्रय साहू वरिष्ठजनों के घर जाकर सम्मानित किया। लिटियाखार में भी भाजपा नेता हरीश थरवानी व छतलाल यादव के द्वारा साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावा अन्य मंडलों में भी साफ-सफाई अभियान चल रहे हैं।

## गढ़ उपरोड़ा में धर्मसेना कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**कोरबा।** धर्मसेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह ने गढ़ उपरोड़ा जाकर ग्रामीणों की बैठक ली। यहां पर 100 गंवा क्षेत्र के लोगों को आमंत्रित किया गया था। जागरूकता अभियान चलाते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लोगों को सक्रिय होकर रहना होगा। धर्म परिवर्तन से बचने के लिए दूसरों को भी जागरूक करें। इस क्षेत्र में कई समस्याएं सामने आ रही है। शिकायत मिलने पर उनके द्वारा इस क्षेत्र का दौरा किया जा रहा है और उन्हें जागरूक किया जा रहा है। इस बैठक में जिला संयोजक साकेत शर्मा, विष्णु पटेल, राजा कुशवाहा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

***कोरबा।** बरपाली-तौलीपाली क्षेत्र में भारतमाला परियोजना का बेस कैंप बनाने के बाद सड़कों पर खराब असर पड़ा है। सुधार के लिए अब प्रोजेक्ट तैयार नहीं है।

### 34 दिन की हड़ताल के बाद काम पर लौटे पंचायत सचिव

# नए सरपंचों के हस्ताक्षर प्रमाणीकरण की जल्दी, मूलभूत मद पर नजर



**कोरबा।** रेगुलराइज करने सहित कई मांगों को लेकर कोरबा जिले में पांच विकासखंड के पंचायत सचिवों के द्वारा की जा रही हड़ताल 34 दिन के बाद समाप्त हो गई।। कर्मचारियों ने अपनी पंचायत में प्रभार ग्रहण कर लिया है। खबर के अनुसार पहली बार निर्वाचित हुए सरपंच ऑन के हस्ताक्षर का प्रमाणीकरण मुख्य कार्यपालन अधिकारी करेंगे। इसके साथ पंचायत में विभिन्न कार्यों को रफ्तार मिल सकेगी।

पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद ही अपनी मांगों को लेकर सचिव कर्मचारी हड़ताल पर चले गए थे। इस स्थिति में ग्राम पंचायत में कामकाज बाधित हो गया। हड़ताल के लंबे समय तक चलने के कारण वैकल्पिक रूप से पंचायत के रोजगार सहायकों स्थाई प्रभार जरूर दिया गया था जिसे अब समाप्त कर दिया गया है।कोरबा जिले की 402 ग्राम पंचायत में सचिवों के द्वारा प्रहार ग्रहण करने के साथ अगली प्रक्रियाओं को पूरा कराया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि बहुत सारी पंचायत में नए सरपंच पहली बार चुन कर आए हैं इसलिए संबंधित कार्यों के मामले में उनके हस्ताक्षर का उपयोग करने से पहले प्रमाणीकरण कराया जाना जरूरी है। जनपद पंचायत में मुख्य कार्यपालिका अधिकारी के समक्ष उनके हस्ताक्षर का प्रमाणीकरण होगा तब कहीं जाकर ग्राम सभा से लेकर प्रस्ताव और भुगतान से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाया जा सकेगा। कहां जा रहा है कि अधिकतम 2 दिन में इस काम को पूरा कर लिया जाए इसे ध्यान में रखा गया है।

### भुगतान पर भी नजर

जानकारी मिली है कि सरकार के द्वारा ग्राम पंचायत को दी जाने वाली मूलभूत मत की राशि एलॉट कर दी गई है। आकस्मिक प्रकृति के कार्यों पर इसे खर्च करने का नियम है। लंबे समय से सभी के हाथ खाली है और वह इंतजार में है कि किस प्रकार से व्यवस्था हो इसलिए सब की कोशिश यही है कि जितनी जल्द हो सके राशि ड्रॉ कर ली जाए। दूसरी और बहुत सारे कामकाज भी मंजूर हुए हैं अथवा जो लटके हुए हैं उन्हें भी आगे बढ़ाना है। ग्रामीण क्षेत्र में इनसे जुड़ी संभावनाओं को लेकर हर सरपंच और सचिव चाहता है कि यथाशीघ्र कैसे कार्यों को हम शुरू करें।

# रावा जामपानी जंगल में युवती की हत्या, आरोपी को आजीवन कारावास



**कोरबा।** कटघोरा थाना के जटगा चौकी क्षेत्र इलाके में वर्ष 2020 को घर से निकली एक छात्रा की हत्या के मामले में अब जाकर निर्णय हुआ है। कटघोरा एडीजे ने आरोपी लखन यादव को आजीवन कारावास के साथ 6 माह की अतिरिक्त सजा सुनाई है। इसके अलावा उस पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

एडीजे जयदीप गर्ग के कोर्ट ने बुधवार की शाम यह फैसला सुनाया। खबर के अनुसार बोधराम कुर्रे द्वारा 18 वर्षीय पुत्री को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी कि 26 जून 2020 को सुबह घर से कहीं चली गई थी। आसपास में रिश्तेदारों से पता करने पर कोई जानकारी नहीं मिली। 11वीं तक पढ़ाई-लिखाई करने के बाद छात्रा आगे की शिक्षा प्राप्त कर रही थी। पुलिस ने इस घटना पर गुम इंसान क्रमांक 21/20 कायम किया। विपिन जायसवाल ने चौकी जटगा में बताया कि एक-दो दिन से इस तरह की अफवाह चल रही है कि रावा रोड जामपानी जंगल में किसी लड़की का कंकाल सरई पेड़ में लटका हुआ है। कुछ लोगों के साथ जाकर देखा गया तो इस तरह की स्थिति पाई गई। पंचनामा और जांच के बाद पाया गया कि संदेही अभियुक्त लखन यादव के द्वारा पीड़िता को घर से भगाकर ले जाया गया। जामपानी के जंगल में अपने भाई जगमोहन के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने दोनों पर 302, 34 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया। युवती अनुसूचित जाति की थी इसलिए एक्ट्रोसिटी एक्ट की धारा जोड़ी गई। कोर्ट में मामले का विचारण किया गया। बयानों का परीक्षण भी हुआ। अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि अभियोजन ने अभियुक्त लखन यादव की दोषसिद्धि के संबंध में कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया है इसलिए वह प्रथम दोषसिद्धि प्रतीत होती है। उक्तानुसार कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास से दंडित किया। 6 महीने की अतिरिक्त सजा भी शामिल की गई और 25 हजार रुपए का जुर्माना भी। प्रकरण में रमेश यादव ने पैरवी की।

## कोसाबाड़ी से शोभायात्रा निकलेगी 29 को

**कोरबा।** ब्राह्मण युवा प्रकोष्ठ 29 अप्रैल की शाम 6 बजे कोसाबाड़ी हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकालेगा। घंटाघर पहुंचकर इसका समापन होगा। अध्यक्ष ने बताया कि परशुराम प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में यह शुरुआती कार्यक्रम होगा। जबकि अगले दिन अन्य कार्यक्रम हां होंगे।

# साडा स्कूल की दो छात्राएं चित्रकला में पुरस्कृत



**कोरबा।** स्कूलों में पाठ्यक्रम के अलावा अन्य गतिविधियों में रूचि लेने व रचनात्मकता को बढ़ाने के कार्य जारी हैं। साडा गर्ल्स स्कूल की दो छात्राएं ऐसी ही एक प्रतियोगिता में सफल रहीं।

अटल बिहारी विश्वविद्यालय बिलासपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 21 एवं 22 अप्रैल को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता तथा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा कोरबा से राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सविता पाठक एवं सहप्रभारी रेणुका लदेर के निर्देशन में छात्राओं ने भाग लिया एवं छात्रा पेमिला चौहान एवं राबिया खातून ने चित्रकला प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य रणधीर सिंह एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## एनएसयूआई कार्यकर्ता की शिकायत, पीछे हटा लेखापाल

**कोरबा।** कोरबा जिले के पौड़ी उपरोड़ा सामुदायिक चिकित्सालय का लेखपाल हबीब खान अपने द्वारा की गई एक शिकायत में आगे बढ़ाने के बजाय पीछे हट गया। खबर के अनुसार कारनामों की खबर प्रकाशित होने पर उसने एक एनएसयूआई कार्यकर्ता के खिलाफ बांगो पुलिस थाना में शिकायत की थी। आधारहीन मामले की जानकारी दूसरे पक्ष ने पुलिस को दी और खुद कार्रवाई करने की मांग की। आगे के नतीजे की जानकारी होने पर स्वास्थ्य कर्मचारी का दिमाग घूम गया। जानकारी मिली है कि उसने पचड़े से बचने के लिए पुलिस थाना पहुंचकर शिकायत वापस कर ली। बताया गया कि क्षेत्र में ऐसे कई लोग हैं जो अपने कारनाम उजागर होने पर दबाव बनाते हैं।

# पाकिस्तान को उसकी हरकतों का मुंहतोड़ जवाब जरुरी

## सरकार के फैसले का लोगों ने किया स्वागत

**कोरबा।** कश्मीर के अनंतनाग जिले के अंतर्गत अमरनाथ यात्रा के प्रारंभिक बिंदु पहलगाम क्षेत्र में दो दिन पहले आतंकियों में 28 हिंदू पर्यटकों की हत्या कर दी। जाति और धर्म पूछ कर इस कृत्य को अंजाम दिया गया। भारत सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पाकिस्तान को खड़ा सबक सिखाने के लिए कठोर निर्णय लिए हैं जिसका नागरिकों में स्वागत किया है। सरकार ने कहा कि सिंधु नदी जल समझौते की अब कोई जरूरत नहीं रह गई है इसलिए इसे रद्द किया जा रहा है । भारत में स्थित पाकिस्तान के डिप्लोमेट को देश छोड़ने को कहा गया है। इसके साथ ही किसी भी कारण से भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे की भीतर वापस जाने के लिए कह दिया गया है। पंजाब से लगती अटारी बॉर्डर को सील करने की कार्रवाई भी इसी कदम का हिस्सा है। इसके माध्यम से पाकिस्तान को कड़ा संदेश देने की कोशिश की गई।

### कौन दे रहा संरक्षण



प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका शीतल ने कहा कि जम्मू कश्मीर में लोकतंत्र की बहाली के बाद काफी समय तक स्थितियां ठीक-ठाक रही लेकिन एक बार फिर आतंक का काला साया परेशानी का सबक बनता नजर आ रहा है। इस बार भी वही सवाल उठ रहे है कि आखिर कश्मीर में आतंकी ताकतों को संरक्षण कौन से तत्व दे रहे हैं, इस पर भी कठोर एक्शन की जरूरत है।

### रोटी देने वालों पर निशाना



कॉलेज छात्र आदित्य सिंह का कहना है कि जिस इलाके में कई कारण से प्राकृतिक सुंदरता है और टूरिज्म से ही जहां अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती रही , यह कहना गलत नहीं होगा कि आतंकी हरकतों में निर्दोषों की जान जाना संबंधित राज्य के इकोनामिक सिस्टम के लिए काफी नुकसान साबित होगा। यह बात समय के साथ स्थापित होती जा रही है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता।

### प्रधानमंत्री ने देशहित में लिए निर्णय



सामाजिक कार्यकर्ता राजू सोनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तात्कालिक तौर पर पाकिस्तान को लेकर जो पाबंदियां लगाई है और जो कड़े निर्णय लिए हैं वह न केवल उपयुक्त है बल्कि इनकी सर्वकालिक आवश्यकता भी है। जरूर इस बात की भी है कि अब की बार जो निर्णय लिए गए हैं उसे पर अडिग बना रहा जाए। आतंकी हरकतों के लिए पाकिस्तान को जवाब दिया गया है और आगे किसी भी प्रकार के लचीलेपन से बचना होगा।

## पाकिस्तान और आतंकवादियों का नेताजी चौक पर जलाया गया पुतला

**कोरबा।** कश्मीर के पहलगाम में दहशतगर्दो द्वारा 28 हिंदुओं की हत्या कर दी गई। इस घटना प्रदेश आक्रोश व्यक्त कर रहा है। कोरबा में भी विभिन्न स्थानों पर आतंकवाद और पाकिस्तान का विरोध किया गया। कोरबा के गणमान्य नागरिकों ने पूर्वांचल विकास समिति के साथ मिलकर सुभाष चौक कोरबा में पुतला दहन के साथ मोमबत्ती जलाकर नरसंहार में मारे गए लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई।

# उफ ये गर्मी : लोगों को राहत देने पुलिस ने की कोशिश



**कोरबा।** भीषण गर्मी से जूझ रहे आम नागरिकों को राहत देने की दिशा में कोरबा जिले की कुसमुंडा और सर्वमंगला पुलिस ने एक संवेदनशील और मानवीय पहल की है। दोनों पुलिस इकाइयों ने सार्वजनिक स्थलों पर जलघर की व्यवस्था की है, जहां राहगीरों को शीतल जल प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही पर्यावरण की रक्षा के उद्देश्य से आम नागरिकों को पौधे भी उपहार में दिए गए।

कोरबा जिले में यह पहला मौका है जब किसी थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा इस प्रकार की पहल की गई है, जिसे न केवल अनुकरणीय बताया जा रहा है, बल्कि इसे कम्युनिटी पुलिसिंग की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है। इससे पुलिस और आम जनता के बीच भरोसे की डोर और अधिक मजबूत होती दिख रही है। कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा और सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी ने इस गर्मी में जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए यह अभिनव कदम उठाया। उनके नेतृत्व में मुख्य मार्गों पर जलसेवा की यह व्यवस्था शुरू की गई है, जिसका लाभ आने-जाने वाले हजारों लोगों को मिल रहा है। मानसून सक्रिय होने तक यह सेवा जारी रखने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल का शुभारंभ पुलिस सबडिवीजन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

# स्वच्छ माहौल की वजह से बुधवारी तालाब में निस्तार करना हुआ मुश्किल, कब सुधरेंगे हालात



**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 21 में स्थित ऐतिहासिक बुधवारी तालाब की वर्तमान स्थिति स्थानीय निवासियों के लिए चिंता और नाराजगी का विषय बन गई है। यह तालाब लंबे समय से स्थानीय लोगों के लिए दैनिक जीवन के कई महत्वपूर्ण कार्यों जैसे स्नान, कपड़ा धोना, और अन्य सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख स्रोत रहा है। परंतु, वर्तमान में तालाब में पानी की मात्रा अत्यधिक घट गई है, जिससे आम जनता के निस्तार कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब में पानी का स्तर लगातार घटता जा रहा है और अब यह लगभग सूखने की कगार पर है। इसके अलावा, तालाब के आसपास के बड़े हिस्से में गंदगी फैली हुई है, जिससे न सिर्फ दुर्गंध फैल रही है बल्कि यह स्थिति स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन रही है। इसके चलते लोगों को अपने दैनिक कार्यों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की तलाश करनी पड़ रही है, जो सभी के लिए संभव नहीं है।

बुधवारी तालाब का कुछ वर्षों पूर्व उन्नयन किया गया था, जिससे लोगों को उम्मीद जगी थी कि यह जल स्रोत फिर से उपयोगी और स्वच्छ बनेगा। लेकिन दुर्भाग्यवश, सुधार कार्यों के बाद भी तालाब की स्थिति में कोई स्थायी सुधार नहीं हो सका और आज यह फिर से उपेक्षा का शिकार बन गया है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम से आग्रह किया है कि वे जल्द से जल्द तालाब की सफाई, गहराईकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ करें। साथ ही, तालाब के चारों ओर सफाई व्यवस्था, सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट और जल संरक्षण के आधुनिक उपायों को अपनाने की मांग की जा रही है। नगर निगम द्वारा समय-समय पर जल स्रोतों के संरक्षण और विकास के लिए विभिन्न योजनाएं और घोषणाएं की जाती रही हैं। कुछ क्षेत्रों में तो वैकल्पिक जल स्रोतों की व्यवस्था भी की गई है। इसी तर्ज पर लोगों की अपेक्षा है कि उनके वार्ड में स्थित इस महत्वपूर्ण तालाब की दुर्दशा पर भी ध्यान दिया जाए और इसे फिर से एक उपयोगी एवं स्वच्छ जल स्रोत में बदला जाए। स्थानीय समाजसेवी संगठनों और नागरिकों ने मिलकर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने की योजना बनाई है ताकि नगर निगम इस ओर गंभीरता से ध्यान दे और शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाए।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com